अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 235 | लखनऊ, शनिवार, 14 मार्च 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### प्राकृतिक आपदा प्रभावित 6 राज्यों को 1,912 करोड़ की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित उच्चस्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2025 के दौरान आई बाढ़, फ्लैश फ्लड, बादल फटने, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान 'मोंथा' से प्रभावित छह राज्यों के लिए 1,912.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। यह सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से दी जाएगी। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस राशि में आंध्र प्रदेश को 341.48 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ को 15.70 करोड़, गुजरात को 778.67 करोड़, हिमाचल प्रदेश को 288.39 करोड़, नगालैंड को 158.41 करोड़ और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को 330.34 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने मासिक धर्म अवकाश की याचिका खारिज की

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को सभी संस्थानों में महिलाओं के लिए अनिवार्य सवैतनिक मासिक धर्म अवकाश की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायालय ने टिप्पणी की कि इस तरह की कानूनी अनिवार्यता का महिलाओं को रोजगार मिलने की संभावनाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। न्यायालय ने उल्लेख किया कि हालांकि यह मुद्दा महिलाओं के कल्याण से संबंधित है, लेकिन कानून के माध्यम से मासिक धर्म अवकाश को अनिवार्य बनाने से नियोक्ता महिलाओं को काम पर रखने या उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने में संकोच कर सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने केंद्र सरकार को याचिकाकर्ता की याचिका पर विचार करने और यह देखने का निर्देश देते हुए याचिका का निपटारा कर दिया कि क्या संबंधित हितधारकों के परामर्श से मासिक धर्म अवकाश पर कोई नीतिगत ढांचा तैयार किया जा सकता है।

### उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ किसानों के खाते में पहुंचे 4335.11 करोड़ रुपये

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को खानापारा, गुवाहाटी (असम) से देश के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की 22वीं किस्त डीबीटी के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की। इस ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए, जिनके खातों में कुल 4335.11 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी गई।

# पश्चिम एशिया युद्ध की स्थिति में भी अफवाह फैला रही कांग्रेस : मोदी

## कांग्रेस ने बोडोलैंड के साथ विश्वासघात किया, भाजपा ने दिलाई स्थायी शांति : प्रधानमंत्री

● पीएम ने किया 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

एजेंसी

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट और युद्ध की परिस्थितियों के बीच भी कांग्रेस देश में अफवाह फैलाने और गलत जानकारी देने में लगी हुई है, जबकि भाजपा-एनडीए सरकार किसानों के हित, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पूर्वोत्तर के विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान असम के लिए 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह किसी भी स्थिति में देश के प्रति ईमानदार नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि वे 15 अगस्त को लाल किले से दिए गए भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के भाषण को सुनें। मोदी ने कहा कि पंडित नेहरू ने एक बार कहा था कि उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच चल रहे युद्ध की वजह से भारत में महंगाई बढ़ रही है। आज कांग्रेस के लोग भी उसी तरह देश को गुमराह करने में लगे हैं, जबकि वैश्विक संकटों का असर दुनिया के कई देशों पर पड़ता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा-एनडीए सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक काम किया है। आज भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों का ध्यान रख रहा है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में गैस पाइपलाइन और ऊर्जा बुनियादी ढांचे के विकास पर अभूतपूर्व निवेश किया जा रहा है।






उन्होंने बताया कि किसानों के लिए भी बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ ही समय पहले पूरे देश के करोड़ों किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे भेजी गई है। यह योजना देश के छोटे और सीमांत किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत माध्यम बन चुकी है।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले ऐसे लाखों किसान थे जिनके पास न तो मोबाइल फोन था और न ही बैंक खाता, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वित्तीय समावेशन के माध्यम से करोड़ों किसानों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है और अब तक उनके खातों में सवा चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि भेजी जा चुकी है।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि जब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की गई थी, तब कांग्रेस के लोगों ने इसके बारे में झूठ फैलाया था। कांग्रेस के नेता किसानों से कहते थे कि चुनाव के बाद उन्हें यह पैसा वापस करना पड़ेगा, लेकिन आज यह योजना किसानों के लिए एक मजबूत सहारा बन चुकी है। मोदी ने कहा कि भाजपा-एनडीए सरकार के लिए किसान हित सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले केंद्र में दस वर्षों तक कांग्रेस की सरकार रही और उस दौरान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के रूप में लगभग 6.5 लाख करोड़ रुपये मिले थे। इसके विपरीत पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार ने किसानों को एमएसपी के रूप में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है। एमएसपी, सस्ता कृषि ऋण, फसल बीमा और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं ने किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। इसके साथ ही सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि वैश्विक संकटों का असर भारत की खेती पर कम से कम पड़े।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी और उसके बाद हुए वैश्विक संघर्षों के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई थी। कई देशों में इसकी कमी हो गई थी, लेकिन भारत सरकार ने किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी। जहां अंतरराष्ट्रीय बाजार में यूरिया की एक बोरी की कीमत लगभग 3000 रुपये तक पहुंच गई थी, वहीं भारत में किसानों को यह मात्र 300 रुपये में उपलब्ध कराई गई। इसके लिए केंद्र सरकार ने 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दी है।

# घरेलू गैस की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं जमाखोरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी

● दैनिक मांग 20 लाख बढ़ी, सरकार ने कहा पैनिक बुकिंग न करें

एजेंसी

नई दिल्ली। सरकार ने आज देशवासियों को आश्वस्त किया कि देश की रिफायनरियों में कच्चे तेल से द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के उत्पादन को बढ़ाने का निर्देश दिया गया है और घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित होने की कोई भी संभावना नहीं है इसलिए आम जनों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है। सरकार ने जमाखोरी करने को चेताया है कि उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उच्चपदस्थ सूत्रों ने यहां संवाददाताओं से कहा कि देश में



एलपीजी की आपूर्ति पर पश्चिम एशिया के युद्ध के कारण कुछ असर हुआ है लेकिन भारत में स्थिति तेल रिफायनरियों में क्षमता वृद्धि के उपाय किये गये हैं और जल्द ही बाज़ार में उपलब्धता बढ़ेगी। सूत्रों के अनुसार देश की रिफायनरियों में एलपीजी के उत्पादन में करीब 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और इसके और बढ़ने की संभावना है।

सूत्रों ने कहा कि पश्चिम एशिया में संकट के नाम पर देश में जो भी वितरक कृत्रिम संकट बता कर जमाखोरी कर रहे हैं, उन पर सरकार की पैनी नज़र है और उन्हें पछताना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने केवल व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति नियंत्रित की है और प्राथमिकता के आधार पर उनके वितरण का निर्णय करने का अधिकार राज्यों को दिया है।

सूत्रों ने बताया कि भारत दुनिया में एलपीजी का दूसरा सबसे बड़ा आयातक है जो अपनी एलपीजी खपत का लगभग 55-60% हिस्सा मुख्य रूप से खाड़ी देशों- कतर एवं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से सीधे आयात करता है, जबकि शेष 40-45% घरेलू स्तर पर रिफाइनरियों में कच्चे तेल के शोधन के दौरान उप-उत्पाद के रूप में निर्मित होता है। हाल ही में सरकार ने उत्पादन बढ़ाने के लिए रिफाइनरियों को आदेश दिया है। वैश्विक आपूर्ति में बाधा का असर भारत पर पड़ना स्वाभाविक है।

# आतंकवाद का निर्णायक जवाब देने में देश पूरी तरह सक्षम : राजनाथ

● लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण, रक्षा मंत्री और सीएम योगी ने जनता को किया समर्पित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने महत्वाकांक्षी ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का शुक्रवार को लोकार्पण करते हुए कहा कि इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने देखा कि कैसे ब्रह्मोस ने पाकिस्तान के आतंकवादी खेमों में तबाही मचा दी थी। यहां की ब्रह्मोस से आंतकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया गया था। पाकिस्तान के आतंकी अब 10 बार सोचेंगे कि भारत पर आक्रमण करना चाहिए कि नहीं।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास



केवल कागज का विषय नहीं रह गया है बल्कि प्रदेशवासियों के जीवन में दिख रहा है। इस परियोजना से लखनऊ के करीब 15 लाख लोगों को आवागमन में आसानी होगी, जाम से छुटकारा मिलेगा।

उन्होंने इसके लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईएम रोड से आउटर रिंग रोग तक 28 किमी के इस ग्रीन कॉरिडोर को बनाने में लगभग 7000 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। इस ग्रीन कॉरिडोर को बनाते समय रास्ते में आने वाले डेढ़ सौ से ज्यादा वृक्षों को काटा नहीं गया बल्कि उन्हें दूसरी जगह पर स्थानांतरित किया गया। यह अपने आप में पर्यारवण की रक्षा के लिए मिसाल है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर परियोजना में सेना की जमीन का भी उपयोग हुआ है। इस परियोजना में सिविल और रक्षा क्षेत्र दोनों ने मिलकर काम किया है। जमीन आवंटन को लेकर कुछ चुनौतियां थीं जिसे आपसी तालमेल से निबटाया गया। जब सिविल और डिफेंस साथ में मिलकर काम करते हैं तो विकास की रफ्तार कई गुना बढ़ जाती है।

### ग्रीन कॉरिडोर से लखनऊ की पहचान और कनेक्टिविटी दोनों मजबूत होंगी : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ग्रीन कॉरिडोर के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के विजन को जमीनी धरातल पर उतारने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश भर में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की राजधानी का स्वरूप कैसा होना चाहिए, लोगों का जीवन कैसे सुगम बने और नागरिकों को अपने गंतव्य तक सरलता से पहुंचने में कैसे मदद मिले, इसी सोच के साथ विभिन्न विकास कार्यक्रम प्रभावी ढंग से लागू किए जा रहे हैं।

# भारत-ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत, क्षेत्रीय हालात पर चर्चा

एजेंसी

नई दिल्ली/तेहरान। भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई, जिसमें अमेरिका-इज़राइल के साथ बढ़ते तनाव के बाद क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय हालात पर चर्चा की गई। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को एक्स पर इसकी संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गुरुवार रात ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से एक और बातचीत हुई। द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने एक



बयान में बताया कि विदेश मंत्री अराघची ने अपने भारतीय समकक्ष जयशंकर को अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान के खिलाफ किए गए कथित आक्रामक कदमों तथा उनके क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

अराघची ने कहा कि ईरान की सरकार, जनता और सशस्त्र बल हमलों के खिलाफ अपने वैध आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से ईरान के खिलाफ सैन्य आक्रामकता की निंदा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।ईरानी विदेश मंत्री ने बहुपक्षीय सहयोग के मंच के रूप में ब्रिक्स के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में इस मंच को क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता एवं सुरक्षा के समर्थन में रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष के बाद से डॉ. जयशंकर और अराघची के बीच यह चौथी बातचीत है।

# ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने को लेकर विपक्ष की तरफ से दोनों सदनों में दिया गया प्रस्ताव

एजेंसी

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए तृणमूल कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा में प्रस्ताव दिया गया है। यह प्रस्ताव 10 पन्नों का है जिसमें 7 कारण गिनाए गए हैं, जिनके आधार पर ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव किया गया है। लोकसभा में दिए गए नोटिस में सदन के 130 सदस्यों और राज्यसभा में दिए गए नोटिस में 63



सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। नियमों के कारण लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने शुक्रवार को मकर द्वार पर मीडिया से बातचीत में बताया कि उनकी पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए संसद में कानून के अनुसार नोटिस दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदाता सूची से नाम हटाकर जनता को मताधिकार से वंचित किया है, जिसके लिए विपक्षी गठबंधन के साथ मिल कर यह कार्यवाही की जा रही है। संविधान के अनुच्छेद 324 (5) में मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने का प्रावधान किया गया है।

# यूपी में स्मार्ट मीटरिंग व्यवस्था लागू, माइनस बैलेंस पर कट सकती है बिजली

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश में शुक्रवार से स्मार्ट मीटरिंग व्यवस्था लागू होने जा रही है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने सभी उपभोक्ताओं से अपने बिजली खाते का बैलेंस सकारात्मक रखने की अपील की है। विभाग के अनुसार जिन उपभोक्ताओं का बैलेंस माइनस में होगा, उनकी बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो सकती है। इधर, उपभोक्ताओं के हितों को लेकर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में याचिका दाखिल कर नियमों में संशोधन की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता दोबारा रिचार्ज कर अपना बैलेंस पॉजिटिव कर देता है, तो बिजली आपूर्ति बहाल करने की समय सीमा दो घंटे से घटाकर 10 मिनट की जानी चाहिए।

परिषद का कहना है कि कई अन्य राज्यों में नियामक आयोग ने यह समय सीमा 15 मिनट निर्धारित कर रखी है, जबकि कुछ राज्यों में यह सीमा 10 मिनट है। ऐसे में प्रदेश में भी उपभोक्ताओं को त्वरित राहत देने के लिए इसी तरह का प्रावधान लागू किया जाना चाहिए।

# हमें हिन्दुस्तान में बदलाव लाने की राजनीति करनी है: राहुल गांधी

● आरएसएस के बड़े पदों पर दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हमें हिन्दुस्तान में बदलाव लाने की राजनीति करनी है। ऐसी राजनीति करें, जिससे हिंदुस्तान के गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को देश के पावर सेक्टर में शामिल किया जा सके। राहुल गांधी ने अमेरिका केसाथ ट्रेड डील को लेकर केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कड़े प्रहार किये।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सामाजिक परिवर्तन दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम कांशीराम के संघर्ष, उनके विजन और भारत की राजनीति पर उनके प्रभाव को याद करते हैं और दिल से उनका धन्यवाद करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने हमारी ऊर्जा सुरक्षा अमेरिका को सौंप दी। मोदी ने ट्रेड डील में अमेरिका को सब कुछ दे दिया, लेकिन भारत को अमेरिका से कुछ नहीं मिला। उल्टा टैरिफ ज्यादा हो गया। गांधी ने आरोप लगाया कि हिंदुस्तान का सारा डेटा अमेरिका को सौंप दिया। अमेरिका के लिए हिंदुस्तान का पूरा बाजार खोल दिया। अमेरिका से कहा गया कि हर साल 9 लाख करोड़ का सामान



खरीदेंगे। अगर अमेरिका का सामान भारत आएगा तो हमारे किसानों और व्यापारियों का क्या होगा? उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील पिछले चार महीने से रुकी हुई थी, क्योंकि सरकार कृषि सेक्टर से समझौता नहीं करना चाहती थी, लेकिन संसद में मेरे भाषण के तुरंत बाद नरेन्द्र मोदी ने ट्रंप को फोन किया और ट्रेड डील के लिए हामी भर दी, जिसके बाद ट्रंप ने ट्वीट कर दिया। जो डील पिछले चार महीने से रुकी हुई थी, नरेन्द्र मोदी ने वो डील एपिस्टीन फाइल और अडानी के कारण 15 मिनट में फाइनल कर दी।

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस एक गरीब पार्टी है, जबकि भाजपा अमीर पार्टी बन गई, क्योंकि नरेन्द्र मोदी ने भाजपा का पूरा फाइनेंशियल स्ट्रक्चर अडानी को सौंप दिया है। अमेरिका ने इसी फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को पकड़ लिया और अडानी पर केस कर दिया। यह केस अडानी पर नहीं, बल्कि भाजपा पर है। राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कहा कि आरएसएस के संगठन की लिस्ट निकालिए, उनके प्रचारक और संगठन के बड़े पदों पर दलित, आदिवासी या पिछड़े वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। पहले पब्लिक अस्पताल, यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों के मैनेजमेंट में हर वर्ग के लोग चले जाते थे, लेकिन अब ऐसा संभव नहीं रहा। इंटरव्यू में जाति देखकर लोगों को बाहर कर दिया जाता है। मतलब देश के 85फीसदी लोगों से कहा जा रहा है कि ये देश आपका नहीं है। ये बात संविधान के बिल्कुल खिलाफ है। देश की संस्थाओं के बारे में पता लगाएंगे तो समझ आएगा कि उसमें 85 फीसदी की भागीदारी है ही नहीं। 500 सबसे बड़ी कंपनियों के मालिकों और मैनेजमेंट में दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोग नहीं मिलेंगे। यही हाल देश के प्राइवेट हॉस्पिटल्स, ज्युडिशरी, ब्यूरोक्रेसी, एजुकेशन सिस्टम का भी है, लेकिन अगर आप मनरेगा की लिस्ट निकालेंगे तो वहां देश की 85 फीसदी आबादी भरी मिलेगी। इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पाण्डेय, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस की नेता विधानमण्डल दल आराधना मिश्रा मोना, कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जय हिन्द,अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन डॉ.राजेन्द्र पाल गौतम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्यपाल से संस्कृति स्कूल के विद्यार्थियों की शिष्टाचार भेंट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शुक्रवार को जनभवन में संस्कृति स्कूल, लखनऊ की कक्षा केजी से कक्षा 11 तक के 60 विद्यार्थियों एवं 16 अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनके जीवन के लक्ष्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक अपने भविष्य के सपनों और लक्ष्यों को साझा किया। किसी विद्यार्थी ने देश का प्रधानमंत्री बनने की इच्छा व्यक्त की तो किसी ने कमर्शियल पायलट बनने का लक्ष्य बताया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, कूड़ा सदैव डस्टबिन में डालने और जल संरक्षण की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को यह भी सलाह दी कि बचे हुए पानी को पौधों में डालें तथा 'मां के नाम पर पौधारोपण' जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए हरी शाक-सब्जियां, दूध, दाल, पनीर आदि पौष्टिक आहार लेने तथा नियमित रूप से खेल-कूद में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को चॉकलेट भी बांटे। शिष्टाचार भेंट के उपरांत सभी विद्यार्थियों ने जन भवन के विभिन्न स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण किया और वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## माधव कल्याण मंडप में आज से भागवत कथा का आयोजन

लखनऊ। राजधानी के श्रीमद् भागवत कथा प्रेमियों के लिये बहुत ही खुशी की बात है कि श्री वृंदावन धाम के परम पूज्य संत पं0 राम शरण शास्त्री जी महाराज अपने श्रीमुख से भागवत कथा की अमृत वर्षा से राजधानीवासियों को सराबोर करने आ चुके है। मोतीझील स्थित मालवीय नगर के माधव कल्याण मंडप में श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा का आयोजन किया जा रहा है। 14 मार्च से 21 मार्च तक प्रतिदिन सॉय चार बजे से रात्रि आठ बजे तक इस अमृत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की समाप्ति पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया जा रहा है। ममता चैरिटेबल के कोषाध्यक्ष व अधिवक्ता गौरव पाण्डेय ने बताया कि इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में एक भव्य व दिव्य कलश यात्रा भी निकाली गयी। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा अवध क्षेत्र के राजीव मिश्रा के सहयोग से किया जा रहा है।

# जैन धर्म आपसी प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना के लिए प्रेरित करता है: केशव प्रसाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के यशस्वी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज एक दिवसीय दौरे पर वीरांगना नगरी झांसी पहुंचे, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने जैन समाज के आचार्यों, मुनियों एवं संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी होकर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा विश्व में अद्वितीय है। जैन धर्म द्वारा प्रतिपादित अहिंसा, सत्य, त्याग और करुणा के सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं तथा लोगों को आपसी प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना के लिए प्रेरित करते हैं। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की और स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम जनता से संवाद किया। उप मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान झांसी मंडल में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्स्मार्ट सिटीश परियोजना और श्हर घर जलश योजना के कार्यों में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने की है। प्रशासनिक बैठक के पश्चात, श्री मौर्य ने जिले के विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष चर्चा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं और विकास की आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास में विधायकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार उनके सुझावों पर गंभीरता से कार्य कर रही है। सर्किट हाउस में बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय नागरिकों से मिलकर उप मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता की किसी भी समस्या की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज झांसी की पावन भूमि पर विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई है। हमारी सरकार बुंदेलखंड के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# विपक्ष जनता के बीच भ्रम और भय का वातावरण निर्मित कर रहा है : कलराज मिश्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर को लेकर पूर्व राज्यपाल व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कलराज मिश्र ने शुक्रवार को आम जन से धैर्य रखने की अपील करते हुए कहा कि गैस की कमी नहीं है। विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम से दूर रहें। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

कलराज मिश्र ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा है कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए जनता के बीच भ्रम और भय का वातावरण निर्मित कर रहा है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूँ कि देश में डीजल-पेट्रोल और रसोई गैस की कोई कमी नहीं है, पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने हर घर तक एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु तेल रिफाइनरियों को उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, ताकि रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित न हो। मेरा सभी प्रबुद्ध नागरिकों से आग्रह है कि निहित स्वार्थों द्वारा फैलाई जा रही ऐसी किसी भी प्रायोजित अफवाह और झूठे प्रचार के झांसे में न आएं। आपकी सरकार जनहित और राष्ट्रहित के प्रति सदैव सजग एवं पूरी तरह संकल्पित है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार की सख्ती और सही रणनीति का नतीजा ही है कि एलपीजी गैस सिलेंडर की व्यवस्था प्रदेश में पटरी पर दिख रही है। सरकार एक ओर जहां जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दे रही है, वहीं आम जनता से धैर्य की अपील कर रही है।

## साहित्य किसी भी भाषा और समाज के सम्मान का आधार

लखनऊ। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने रवीन्द्रालय में आयोजित लखनऊ पुस्तक मेले में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने पुस्तक मेले में लगे विभिन्न प्रकाशकों के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा विविध विषयों से संबंधित पुस्तकों को देखा। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान के संचित भंडार का प्रतिनिधित्व करती हैं और समाज को संस्कार, विचार और दिशा प्रदान करती हैं। साहित्य किसी भी भाषा और समाज के सम्मान का आधार होता है। विद्वानों और चिंतकों द्वारा लिखे गए विचार जब पुस्तकों के रूप में संकलित होते हैं तो वे आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान का अमूल्य स्रोत बन जाते हैं। विश्वविद्यालय और महाविद्यालय विषय विशेष की शिक्षा प्रदान करते हैं, किंतु सर्वांगीण ज्ञान का विस्तार पुस्तकों के अध्ययन से ही संभव है। पुस्तकों को मनुष्य का सबसे अच्छा मित्र, मार्गदर्शक और गुरु कहा गया है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं पुस्तक मेले में आकर विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अध्ययन करें और अपने ज्ञान का विस्तार करें।

# मोनालिसा प्रकरण : फिल्म निर्माता ने लगाए लव जिहाद और साजिश के आरोप

- सनोज मिश्रा ने उठाए कई गंभीर सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। प्रयागराज महाकुंभ में वायरल होकर चर्चा में आई युवती मोनालिसा का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। फिल्म निर्माता सनोज मिश्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फ़ेसबुक पर बयान जारी कर पूरे घटनाक्रम को साजिश और लव जिहाद से जोड़ते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं।

फिल्म निर्माता सनोज मिश्रा ने दावा किया है कि जिस युवती को उन्होंने प्रशिक्षण देकर फिल्म अभिनेत्री बनाने की पहल की थी, वह अब कथित तौर पर साजिश और लव जिहाद का शिकार हो गई है। महाकुंभ के दौरान मोनालिसा की सादगी और व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उन्होंने उसे फिल्म में मौका देने का निर्णय लिया था। उनका कहना है कि उन्होंने उसे प्रशिक्षण देने और फिल्म निर्माण की तैयारी में बड़ा आर्थिक जोखिम उठाया तथा इस परियोजना के लिए करोड़ों रुपये का कर्ज भी लिया। फिल्म निर्माता का आरोप है कि इस घोषणा के बाद कुछ विरोधियों ने उन्हें निशाना बनाया और झूठे आरोपों में जेल भेजा गया। उनका दावा है कि जेल में रहने के दौरान भी उन्होंने फिल्म की कहानी लिखी और प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की कोशिश की। मिश्रा ने यह भी आरोप लगाया कि मोनालिसा को पढ़ाने के लिए रखा गया एक शिक्षक बाद में उसका मैनेजर बन गया और उसने युवती को उनसे दूर कर दिया। उसी व्यक्ति ने मोनालिसा और उसके समुदाय को यह कहने के लिए भी प्रेरित किया कि उसकी सफलता में उनका कोई योगदान नहीं है। अपने बयान में मिश्रा ने कहा कि मोनालिसा की पारिवारिक परिस्थितियां जटिल रही हैं और वह अपनी जैविक मां से अलग रहने की वजह से भावनात्मक दबाव में रहती थी। उनका दावा है कि हालिया घटनाक्रम ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से गहरा आघात पहुंचाया है और उन्होंने इसे अपनी जिंदगी का सबसे बुरा दिन बताया है। हालांकि इस पूरे मामले में मोनालिसा या उसके परिवार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। सोशल मीडिया पर इस घटनाक्रम को लेकर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं और लोग पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

## आजादी के बाद पहली बार बंद हुई राम रसोई

लखनऊ। एलपीजी की किल्लत को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने सरकार पर निशाना साधते हुए अयोध्या में राम रसोई बंद होने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में वर्षों से राम के नाम पर रसोई चलाई जाती थी, जहां जरूरतमंद लोगों को भोजन मिलता था, लेकिन गैस की कमी के कारण अब यह रसोई बंद हो गई है। आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि राम रसोई बंद करनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि जिस राम के नाम पर भाजपा राजनीति करती रही है, उसी अयोध्या में राम रसोई बंद होना सरकार की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने इस मुद्दे को संसद में उठाया है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। राम रसोई जल्द से जल्द फिर से शुरू की जानी चाहिए ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन मिल सके। अगर सरकार ने इस दिशा में जल्द कदम नहीं उठाया तो वह आंदोलन करेंगे। अवधेश प्रसाद ने घोषणा की कि वह 15 तारीख से अयोध्या में धरना देकर राम रसोई दोबारा शुरू कराने की मांग करेंगे।ईरान-इजरायल और अमेरिका के युद्ध के बीच देश में एलपीजी का संकट गहरा गया है।

## रीजेंसी हेल्थ के विशेषज्ञों की राय,किडनी की बीमारियों से बचाव के लिए समय पर जांच और जागरूकता अत्यंत जरूरी

लखनऊ। वर्तमान समय की तेज रफ्तार जिंदगी में किडनी से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि किडनी खराब होने के दो प्रमुख कारण हाई शुगर यानी डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर यानी हाइपरटेंशन हैं। अगर इन बीमारियों को समय रहते नियंत्रित न किया जाए तो यह धीरे-धीरे किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं। डॉ आलोक कुमार पांडे (सीनियर कंसल्टेंट, नेफ्रोलॉजी, रीजेंसी हेल्थ, लखनऊ) ने बताया, ल्लआज के समय में बहुत से लोग इन बीमारियों से प्रभावित हैं। इन दोनों बीमारियों के शुरुआती लक्षण अक्सर सामान्य होते हैं, इसलिए कई बार लोगों को समय पर इनके बारे में पता नहीं चल पाता। जब तक बीमारी का पता चलता है, तब तक किडनी को काफी नुकसान हो चुका होता है। उन्होंने आगे समझाते हुए कहा कि कई मामलों में जब तक किडनी की समस्या का पता चलता है, तब तक किडनी लगभग काफी हद खराब हो चुकी होती है। इसलिए यह अत्यंत जरूरी है कि किडनी की बीमारियों का समय पर निदान और उपचार किया जाए, ताकि किडनी को सुरक्षित रखा जा सके। डॉ. पांडेय ने सलाह दी कि जिन लोगों की उम्र 20 वर्ष से ज्यादा है, उन्हें हर साल एक बार शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच अवश्य करानी चाहिए। अगर दोनों में से कोई भी चीज बढ़ी हुई दिखाई दे तो उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तुरंत डॉक्टर से सलाह लेकर नियमित इलाज का पालन करना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार, समय पर जांच, सही उपचार और नियमित स्वास्थ्य जांच किडनी को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी सेहत के प्रति सजग रहें, ताकि किडनी के साथ-साथ शरीर के अन्य महत्वपूर्ण अंग भी स्वस्थ बने रहें।

# प्रचलित मनुस्मृति के कुछ हिस्सों के ब्रिटिशकाल में संपादित होने की आशंका, पांडुलिपियों की जांच की मांग उठी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- आईआईएमसी के प्रो. राकेश ने मूल पांडुलिपियों व दस्तावेजों की जांच की मांग की



लखनऊ। मनुस्मृति को लेकर एक बार फिर बहस तेज होती दिखाई दे रही है। कुछ विद्वानों ने दावा किया है कि आज प्रचलित मनुस्मृति के कई हिस्से ब्रिटिश काल में संपादित या प्रक्षेपित किए गए हो सकते हैं। इस संदर्भ में भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के प्रो. राकेश उपाध्याय ने ऐतिहासिक दस्तावेजों और पांडुलिपियों की पुनः जांच कराने की मांग उठाई है। शुक्रवार को प्रो. राकेश उपाध्याय ने कहा कि मनुस्मृति के बारे में यह जानना जितना महत्वपूर्ण है कि इसे कब लिखा गया, उससे कहीं बड़ा प्रश्न यह है कि इसमें समय-समय पर संशोधन या प्रक्षेपण कब-कब हुए। बताया जा रहा है कि मनुस्मृति का पहला मुद्रित संस्करण ब्रिटिश शासनकाल में प्रिंटिंग प्रेस के माध्यम से प्रकाशित हुआ था। इतिहास के अनुसार 18वीं सदी में ब्रिटिश अधिकारियों के निर्देश पर इस ग्रंथ का संपादन और प्रकाशन कराया गया था। उस समय हिंदू समाज के लिए विधि-संहिता तैयार करने के उद्देश्य से विभिन्न पांडुलिपियों का संकलन कर एक समिति को सौंपा गया था। ऐसे में विद्वानों का आरोप है कि उस प्रक्रिया के दौरान मूल पांडुलिपियों की प्रमाणिकता की पर्याप्त जांच नहीं हुई और संभव है कि अलग-अलग स्रोतों से प्राप्त अंशों को जोड़कर ग्रंथ तैयार किया गया हो। इसी कारण मनुस्मृति में कुछ विरोधाभासी श्लोक भी देखने को मिलते हैं। संभवता इसीलिए मनुस्मृति के मूल स्वरूप और उसके वर्तमान संस्करण को लेकर नए प्रश्न उठ रहे हैं। इस पूरे विषय पर शोध की मांग करते हुए विद्वानों का कहना है कि देशभर के प्राचीन मठों, पुस्तकालयों और राजघरानों में उपलब्ध पांडुलिपियों की खोज और उनका वैज्ञानिक अध्ययन कराया जाना चाहिए। उनका तर्क है कि यदि प्राचीन और स्वतंत्र पांडुलिपियां मिलती हैं तो मनुस्मृति के वास्तविक स्वरूप को समझने में मदद मिलेगी। प्रो. राकेश उपाध्याय ने कहा है कि इतिहास, संस्कृति और धर्म से जुड़े ऐसे विषयों पर बिना शोध और प्रमाण के निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। इसलिए केंद्र सरकार और संबंधित शोध संस्थानों से आग्रह किया है कि इस विषय पर पारदर्शी और व्यापक शोध परियोजना शुरू की जाए, ताकि मनुस्मृति के मूल स्वरूप को लेकर उठ रहे सवालों का स्पष्ट उत्तर मिल सके।

# उत्तर प्रदेश में कांशीराम की जयंती मनायेगी कांग्रेस, राहुल गांधी करेंगे संबोधित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बहुजन नायक कांशीराम की जयंती को शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनायेगी। कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विभाग और अनुसूचित जाति विभाग की ओर से लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संबोधित करेंगे।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि कांग्रेस आज एक वृहद कार्यक्रम कर कांशीराम के विचारों को आगे ले जाएंगे और उनके सपने का भारत बनाएंगे। कांग्रेस कांशीराम की जयंती को ''सामाजिक परिवर्तन दिवस '' के रूप में मना रही है। उनकी जयंती पर बहुजन संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। अंशू अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार में दलितों, शोषितों कमजोरों को निशाना बनाकर मारा जा रहा और प्रताड़ित किया जा रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव/प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना, अनुसूचित विभाग अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, पिछड़ा वर्ग विभाग अध्यक्ष अनिल जयहिंद , राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, प्रदीप नरवाल सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता और प्रदेश भर से आए कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## आवासीय सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की पहल, गाजियाबाद बना मॉडल जिला

लखनऊ। स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार में निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। औरैया के बाद गाजियाबाद ने आवासीय सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम उठाते हुए प्रदेश के लिए एक मॉडल प्रस्तुत किया है। गाजियाबाद के जिलाधिकारी ने औरैया के जिलाधिकारी का अनुकरण करते हुए आदेश जारी किया। अब जनपद में नए बनने वाले आवासीय भवनों के नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य न केवल बिजली की बचत करना है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के सतत उपयोग को भी सुनिश्चित करना है।इस प्रस्ताव के अंतर्गत संबंधित नगर पालिकाएं, नगर निगम एवं नगर पंचायतें अपने-अपने बोर्ड की बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकतीं हैं। नक्शा स्वीकृति के बाद भवन निर्माण में सोलर पैनल और वर्षा जल संचयन प्रणाली का क्रियान्वयन अनिवार्य होगा।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने किया गोतस्करों का दमन, सलाखों के पीछे धकेले गए 35 हजार से अधिक आरोपित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- 13 हजार 793 आरोपितों पर गुंडा एक्ट, 178 पर एनएसए और 14,305 मामलों में गैंगस्टर के तहत की गई कार्रवाई
- आरोपितों की लगभग 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में गोतस्करों और अवैध पशु वध के खिलाफ बेहद गंभीर है। सरकार ने गोकशी को पूरी तरह से रोकने के लिए वर्ष 2020 में गोवध निवारण कानून में संशोधन किया। जून-2020 में उत्तर प्रदेश गोवध निवारण (संशोधन) अध्यादेश जारी हुआ। इसके तहत अब तक प्रदेश भर में गोकशी के 14 हजार 182 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 35 हजार 924 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गोकशी से जुड़े मामलों में गिरफ्तार किए गए आरोपितों के खिलाफ केवल सामान्य मुकदमे ही नहीं दर्ज किए गए, बल्कि उनके विरुद्ध कड़े कानूनों के तहत भी कार्रवाई की गई। गोकशी के मामले में 35 हजार 924 आरोपितों में से 13 हजार 793 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 178 आरोपितों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) की कार्रवाई की गई। इसके अलावा 14 हजार 305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की गई है। इस दौरान प्रदेश में सक्रिय गोकशी से जुड़े नेटवर्क को ध्वस्त किया गया और आरोपितों की संपत्तियों की भी जांच की गई।

गोकशी के मामलों में केवल गिरफ्तारी तक ही कार्रवाई सीमित नहीं रही, बल्कि आर्थिक स्तर पर भी अपराधियों पर प्रहार किया गया। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए लगभग 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। इसका उद्देश्य अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने से संगठित अपराधियों की आर्थिक ताकत कमजोर करना है ताकि भविष्य में ऐसे अपराधों को पूरी तरह रोका जा सके। इतना ही नहीं कई मामलों में अवैध कमाई से खरीदी गई जमीन, वाहन और अन्य संपत्तियों को भी कुर्क किया है। योगी सरकार ने गोकशी पर नियंत्रण के लिए पुलिस की विशेष टीमों का गठन किया। विशेष टीमों द्वारा खुफिया निगरानी, जिलास्तरीय टास्क फोर्स और सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता के जरिये गोकशी-गोतस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। साथ ही प्रदेश के कई संवेदनशील जिलों में रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई गई। वहीं, पशु परिवहन से जुड़े मामलों की भी विशेष निगरानी की गई। उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि अवैध बूचड़खानों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए गए। योगी सरकार की सख्त कार्रवाई से प्रदेश में अवैध पशु वध से जुड़े मामलों में काफी कमी आई है और संगठित गिरोहों की गतिविधियों पर अंकुश लगा है।

### उत्तर प्रदेश गोवध निवारण (संशोधन) अध्यादेश 2020 में नियमों को किया गया सख्त

- अध्यादेश के तहत प्रदेश में गोहत्या पर 10 साल कठोर कारावास की सजा

- 3 से 5 लाख तक जुर्माने का प्रावधान

- गोवंश के अंगभंग करने पर 7 साल की जेल व 3 लाख जुर्माना

# एमार इंडिया ने 'एलीट ओएसिस' परियोजना के लिए भूमिपूजन किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। विश्व-प्रसिद्ध रियल एस्टेट ब्रांड एमार की भारतीय इकाई एमार इंडिया ने लखनऊ के गोमती नगर एक्सटेंशन में अपनी पहली प्रीमियम हाई-राइज आवासीय परियोजना 'एलीट ओएसिस' के लिए भूमिपूजन समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम के साथ ही इस लैंडमार्क प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य की आधिकारिक शुरुआत हो गई है। इस समारोह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी, परियोजना से जुड़े साझेदार और अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पूजा-अर्चना और शुभ अनुष्ठानों के साथ की गई। लगभग 2.923 एकड़ (11,827 वर्ग मीटर) क्षेत्र में फैला एलीट ओएसिस लखनऊ की सबसे ऊंची आवासीय इमारतों में से एक होगा। इसमें ग्राउंड के साथ 35 मंजिलों वाला टावर बनेगा, जिसमें कुल 194 लग्जरी आवास होंगे। इनमें 3बीएचके साथ में यूटिलिटी एरिया और 4बीएचके के साथ यूटिलिटी एरिया जैसे प्रीमियम घर शामिल हैं। इस परियोजना को एक ही चरण में लॉन्च किया गया है और इसके 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह प्रोजेक्ट लखनऊ की स्काईलाइन को एक नई पहचान देने के लिए तैयार है। गोमती नगर एक्सटेंशन में अमर शहीद पथ के पास स्थित यह परियोजना शहर के अलग-अलग हिस्सों से अच्छी कनेक्टिविटी प्रदान करती है। यह एयरपोर्ट से करीब 17.7 किमी और गोमती नगर रेलवे स्टेशन से लगभग 10 किमी दूर है।


## भारत सरकार
## सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
## दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
## अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र, ग्वालियर में निदेशक की नियुक्ति

विभाग के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक स्वायत्त निकाय, अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र, ग्वालियर में निदेशक के पद पर नियुक्ति हेतु उपयुक्त अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रितं किए जाते हैं। पात्रता मानदंड एवं अन्य सभी संबंधित विवरण सहित आवेदन प्रपत्र विभाग की वेबसाइट **https://depwd.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

2. विभाग की वेबसाइट पर प्रकाशित विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी, निर्धारित प्रपत्र में, आवश्यक सहायक दस्तावेजों सहित, आवेदन को श्री राजीव शर्मा, संयुक्त सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, कक्ष संख्या 530, 5वीं मंज़िल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 को, एम्पलॉयमेंट न्यूजपेपर / रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर भेज सकते हैं।

CbC38117/11/0026/2526

# विधायक श्याम प्रकाश ने दी होली की शुभकामनाएं

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**पिहानी (हरदोई)।** गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक श्याम प्रकाश ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने नगर और क्षेत्रवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और अफवाहों से बचने की अपील की। यह प्रेस वार्ता भैंसटा पुल स्थित उनके कार्यालय पर आयोजित की गई थी। पंचायत चुनाव को लेकर विधायक ने अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चुनाव समय पर होने चाहिए, लेकिन यदि किसी कारणवश देरी होती है, तो वर्तमान प्रधानों और ब्लॉक प्रमुखों को ही प्रशासक बनाया जाना चाहिए। विधायक ने जोर दिया कि किसी सरकारी कर्मचारी को प्रशासक नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि इससे पंचायती राज व्यवस्था मजबूत बनी रहेगी और स्थानीय प्रतिनिधित्व भी कायम रहेगा। विधायक श्याम प्रकाश ने पीडब्ल्यूडी द्वारा कुइया, शाहाबाद तिराहा और चपरतला क्षेत्रों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं पाए गए, तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी। अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए विधायक ने बताया कि क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की



स्थापना कराई गई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नगर की जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए भी जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा।

प्रेस वार्ता से पूर्व विधायक श्याम प्रकाश ने अंबारी में एक होली मिलन समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों के साथ गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में फूलों की होली खेली गई और उपस्थित लोगों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान राजीव गुप्ता, सेठ अरुण गुप्ता, आदर्श सिंह, गिरीश बाजपेई सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंबारी में आयोजित होली मिलन समारोह में विधायक पुत्र एवं टड़ियावां ब्लॉक प्रमुख रवि प्रकाश, मंडल अध्यक्ष अमित त्रिवेदी, बुद्ध प्रकाश अवस्थी, प्रवीण द्विवेदी, हर्ष द्विवेदी, दिलीप मिश्रा, विपुल शुक्ला, उदयवीर सिंह, मोहित तिवारी, सरनाम सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रीय लोग उपस्थित थे। पत्रकार जुबेर खान, पिंटू मिश्रा, राम लखन सविता, जुबेर जफर, नवनीत बाजपेई, शोएब जफर, ओम रस्तोगी, अजीत सिंह, सुनीत गुप्ता, रिजवान खान और अरविंद सागर पांडे भी मौजूद रहे।

# स्वदेशी जागरण मंच की बैठक में संगठन विस्तार पर जोर, नए पदाधिकारियों की घोषणा

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संयोजक एवं उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड प्रभारी अनुपम श्रीवास्तव का हरदोई प्रवास हुआ। इस दौरान उन्होंने नगर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की।

बैठक के क्रम में शाहाबाद में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 19 मार्च को स्वदेशी नववर्ष पूरे उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने स्वदेशी विचारधारा को मजबूत करने और समाज में आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ाने पर बल दिया। संगठन विस्तार के तहत कई नए पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। इसमें सुधीर श्रीवास्तव को तहसील संयोजक शाहाबाद, अनिल लाहौरी को नगर संयोजक, सत्येन श्रीवास्तव को नगर समन्वयक (स्वावलंबी भारत अभियान), अंकुर सिंह को शाहाबाद ग्रामीण संयोजक, मनीष कुमार को ग्रामीण समन्वयक (स्वावलंबी भारत अभियान), पवन को शाहाबाद ब्लॉक संयोजक तथा विनीत मिश्रा और रितेश श्रीवास्तव को नगर सहसंयोजक बनाया गया। इसके अलावा देवेंद्र गुड्डू को पर्यावरण प्रमुख, सुबीन गुप्ता को नगर सहायत प्रमुख, सोनपाल को नगर सहसंयोजक, धर्मेंद्र कश्यप को संपर्क प्रमुख, नवनीत गुप्ता को नगर युवा आयाम प्रमुख तथा राहुल राठौर को सह युवा आयाम प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जयपुर में 7-8 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय परिषद बैठक की जानकारी भी साझा की गई, जिसमें देशभर के 45 प्रांतों से 395 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में स्वावलंबी भारत अभियान के विस्तार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और युवाओं में सोशल मीडिया के प्रभाव जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर अनुपम श्रीवास्तव, प्रांत समन्वयक हर्षवर्धन सिंह, जिला संयोजक अवनीश द्विवेदी, उमेश गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, अशोक गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## गैस एजेंसी पर उमड़ी ग्राहकों की भारी भीड़, महिलाएं व बुजुर्ग परेशान



एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लगी भारी भीड़

**कछौना (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता के सरकार व प्रशासन के दावों के बीच शुक्रवार को कस्बे के कछौना गैस एजेंसी पर रसोई गैस लेने के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी! जिसमें बुजुर्ग व महिलाएं गैस के लिए जूझते नजर आए! लोग सुबह से ही उपभोक्ता एजेंसी के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आए! भीड़ इतनी ज्यादा थी की व्यवस्था बनाए रखना एजेंसी कर्मचारियों के लिए मुश्किल हो गया! सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ी जिन्हें घंटों एजेंसी के बाहर धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा!

बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से रसोई गैस के सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित थी जिस कारण उपभोक्ताओं के गैस खत्म होने की चिंता बढ़ गई! जैसे एजेंसी पर सिलेंडर उपलब्ध होने की सूचना मिली बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए! कई लोग सुबह से ही लाइन में लगे थे जिन्हें लेकिन दोपहर तक में सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पाया! भारी भीड़ के कारण एजेंसी के बाहर धक्का मुक्की जैसी स्थिति बन गई! महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनके लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई जिससे उन्हें काफी असुविधा हुई! वहीं बुजुर्गों ने बताया कि लंबे समय तक लाइन में खड़े रहने का कारण उन्हें शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ा! कई लोग बिना सिलेंडर लिए ही वापस लौटने को मजबूर हो गए! एजेंसी कर्मचारियों का कहना है की रसोई गैस के सिलेंडर सीमित मात्रा में ही उपलब्ध थे इसीलिए सभी को तुरंत वितरण करना संभव नहीं हो सका उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही पर्याप्त आपूर्ति होने पर सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाएगा! लोगों को कहना है कि शासन और प्रशासन के दावों के मुताबिक अगर गैस की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है तो फिर लंबे समय तक ग्राहकों को गैस न मिलना या गैस के लिए मारामारी करना एक विचारणीय और गंभीर प्रश्न है! शासन प्रशासन को इस जवलन्त मुद्दे पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देते हुए पता लगाना चाहिए कि कहीं ऐसा तो नहीं कि ये कोई कालाबाजारी का खेल है!

## नशे में धुत युवक ने महिला को मारी गोली, अस्पताल में मौत

**कछौना (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** थाना के अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर टिकारी में आरोपी जेठ है नशे की हालत धुत में पत्नी को पीट रहा था! देवरानी द्वारा बचाने का प्रयास किया गया जिस पर आरोपी ने देवरानी को पीछे पीठ पर अवैध असलहे से फायर कर दिया जिसे अचेत अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना लाया गया जहां पर मौजूद डॉक्टर ने महिल को मृत घोषित कर दिया! इस घटना की सूचना पर आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले की जाँच में जुटे हैं! प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली कछौना के अंतर्गत ग्राम सभा टिकारी के मजरा प्रतापपुर में रामसेवक की पत्नी मंजू (25) 2 दिन पहले अपनी जेठानी को अपने साथ का कछौना ले आई थी इसी रंजिश के तहत आरोपी जेठ राजकुमार पुत्र चेतराम शुक्रवार को गांव प्रतापपुर में आकर कहासुनी करने लगा! आरोपी ने आवेश में आकर मंजू के पीठ में अवैध असलहे से फायर कर दिया, जिसमें मंजू की मौत हो गई! घटना की सूचना पर गांव में हाहाकार मच गया! आरोपी युवक रेलवे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है और मृतका का तीन साल का मासूम बच्चा है जिसके ऊपर से माँ का साया छिन गया!



मृतका मंजू की फाइल फोटो

## मलकापुर डकैती कांड का माल खरीदने वाला सर्राफ गिरफ्तार

**शाहाबाद (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** एक माह पूर्व मलकापुर में डकैती डालकर लूट गया माल खरीदने वाले कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। कारोबारी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के मलकापुर मोहल्ले में 10 फरवरी की रात्रि लगभग ०2:00 बजे अनीश खां पुत्र नासिर खान के घर में घुसकर पांच नकाबपोश बदमाशों ने लूटपाट की थी जिसमें रूपये 30000 की नकदी और जेवर बदमाश लूट ले गए। इस संबंध में पहले ही दो अभिक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय ने शुक्रवार को शाम ०4:00 बजे बताया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शाहबाद पुलिस, स्वाट सर्विलांस एवं एसओजी टीम को लगाया गया था। टीम ने मुकीम पुत्र दीन मोहम्मद निवासी पशुपतिनाथ मंदिर जनपद बरेली को गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से रूपये 5000 की नगदी एक मोबाइल, एक बाइक बरामद हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया अभियुक्त ने स्वीकार किया है कि उसकी बरेली में सरार्फा की दुकान है और वह चोरी के आभूषणों की खरीद फरोख्त करता है। शाहाबाद की घटना में लूटे गए आभूषण खरीदने की बात को स्वीकार किया है। पकड़े गए सरार्फी कारोबारी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



## होली मिलन समारोह हुआ

**हरदोई (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** श्री सीमेंट लिमिटेड का होली मिलन समारोह 12 मार्च 2026 की शाम स्टेटस क्लब रिसॉर्ट में हुआ जिसमें कंपनी के स्टेट हेड राहुल मिश्रा रीजनल हेड अविनाश प्रताप मल्ल एस एच टेक्निकल अमित कृष्ण पंकज दीक्षित,अमरीश पाल व एस पी विभू गुप्ता ने हरदोई सीतापुर शाहजहांपुर के सभी डीलर व रिटेलर बंधुओं के साथ अत्यंत धूमधाम से रंगों के पर्व होली का सेलिब्रेशन एवं शील्ड व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विभू गुप्ता को चक्रवीर अवार्ड से सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह में डीलर जन्मेजय सिंह हरगांव प्रदीप मिश्रा रेउसा सैयद समीर शाहजहांपुर विपिन शर्मा तिलहर दिनेश सिंह निगोही रंजीत सिंह आयारी मंटू गुप्ता बेहदर संजय गुप्ता बालामऊ विमलेश राजपूत सांडी सुशील यादव चढ़िया अमन मिश्रा उधरनपुर आदि रिटेलर बंधु उपस्थित रहे।

## मातृभाषा रत्न अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि से प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया



**मल्लावाँ (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** जनपद हरदोई के प्रमुख व्यवसायी, पूर्व वायु सैनिक व साहित्यकार प्रताप सिंह को नेपाल की राजधानी काठमांडू में मातृभाषा रत्न अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया जिससे हरदोई जनपद का मान बढ़ा है। यह सम्मान उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया! यह गरिमामयी सम्मान नेपाल की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा प्रदान किया गया। **समारोह का उद्देश्यः**- नेपाल-भारत मैत्री विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण एवं संवर्धन, हिंदी-नेपाली जैसी मैत्री भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ देश-विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार एवं शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना रहा! इस अवसर पर नेपाल, भारत सहित पांच देशों की लगभग एक हजार साहित्यिक एवं शैक्षिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में प्रताप सिंह को उनके उल्लेखनीय साहित्यिक एवं सामाजिक योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रताप सिंह की अनेक कृतियां सैकड़ों पत्र, पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें इनकी पुस्तक 'जीवन-सार' बहुत ही चर्चित है! सम्मान अवसर पर संस्था के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने बधाई देते हुए कहा सैनिक और साहित्यिक दोनों एक साथ प्रताप सिंह में देखकर मुझे हर्ष की अनुभूति हो रही है! प्रताप सिंह का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होना अत्यंत गौरव का विषय है। उनकी कविताएं समाज को सकारात्मक दिशा और प्रेरक संदेश देती हैं। प्रताप सिंह के इस सम्मान की सूचना मिलते ही साहित्यिक जगत में हर्ष का वातावरण है। उनके शुभचिंतको, मित्रों एवं साहित्यप्रेमियों ने उन्हें बधाईयां और शुभकामनाएं दी हैं।

## बेवजह गैस का स्टॉक न करें: एसडीएम

**शाहाबाद (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** घरेलू गैस की किल्लत से जूझ रहे लोगों को एसडीएम ने गैस की कमी न होने देने का भरोसा दिया है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर एसडीएम अंकित तिवारी ने बताया कि घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। अफवाहों में आकर लोग अनावश्यक स्टॉक करने में लगे हैं जिस कारण घरेलू गैस आम आदमी को मिलने में कुछ दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की अनावश्यक घरेलू गैस का स्टॉक न लगाएं जरूरत पर ही अपना सिलेंडर रिफिल करवाएं। उनके द्वारा गैस गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है। घरेलू गैस की ब्लैक मार्केटिंग करने वाले लोगों पर भी नजर रखी जा रही है। एसडीएम ने गैस एजेंसी संचालकों को सभी पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को नियमानुसार घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। किसी प्रकार की शिकायत आने पर अगर दोषी पाए गए तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## यज्ञ के लिए बाग में लकड़ी तोड़ने गए पूर्व फौजी की मौत

**माधौगंज (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** थाना क्षेत्र की नगरपंचायत कुरसठ के मोहल्ला रामनगर निवासी महिलपाल उम्र 60 वर्ष शुक्रवार को पास के बाग में हवन के लिए आम की लकड़ी तोड़ने गए थे। पास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने महिपाल को जमीन पर पड़ा देखा तो वह पास पहुँचे व उन्हें पुकारा कोई आवाज व हलचल न होने पर उन्होंने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। रोहित ने बताया कि पिताजी हार्ट के मरीज थे एक बार हार्ट की सर्जरी हो चुकी थी शायद दूसरी बार अटैक पड़ा था। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है बड़े बेटे रोहित की शादी हो चुकी है जब कि छोटा पुत्र अमित अविवाहित है पुत्री श्रेया की शादी नही हई है।

## मिट्टी खनन व पेड़ कटान की शिकायत मुख्यमंत्री से की

**माधौगंज (हरदोई) (राष्ट्रीय प्रस्तावना)।** विपक्षी द्वारा खेत मे खनन कर मिट्टी निकालने व पेड़ काटने की शिकायत जनसुनवाई के माध्यम से मुख्यमंत्री से की। थाना क्षेत्र के गांव रुदामऊ निवासी पप्पू पुत्र बांके लाल ने जनसुनवाई के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में कहा कि गांव के ही विपक्षी अजय पुत्र बांके लाल ने बिना बताए 450 ट्राली मिट्टी का खनन करा दिया व खेत मे 5 पेड़ नीम शीशम के भी गिरा दिए। मेरे कहने पर विपक्षी ने मुझे गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने विपक्षी के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-चन्दसौरा, विकास खण्ड-साण्डी, हरदोई

पत्रांक-मेमो/निविदा/मनरेगा/ राज्य वित्त /पन्द्रहवाँ वित्त/2025-26 दिनाँक-13.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा /राज्य वित्त/पन्द्रहवाँ वित्त के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो / भट्ठा मालिकों से दिनाँक-14.03.2026 से दिनाँक-18.03.2026 तक शाम 03:00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं को दिनाँक-18.03.2026 शाम 04:00 बजे फर्मो अथवा उनके नामित प्रतिनिधियों के समक्ष कार्यालय में गठित समिति सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री उपरोक्त अवधि मे सायं 05:00 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में क्रय की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री | प्राकलन के अनुसार स्वीकृत धनराशि | टेण्डर बिक्री की धनराशि | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | देशराज के घर से रामाधार के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, मौरंग, बालू इण्टरलाकिंग ईंट आदि | 698317.00 रु0 | 100 रु0 | 07 दिन |

**नोट . नियम व शर्तो निम्नवत हैं**

1. एक अथवा समस्त निवेदाये, कोटेशन बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकता घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
3. समस्त सामग्री के आपूर्ति कार्य स्थल पर की जाएगी।

(राम बेटी)
प्रधान
ग्राम पंचायत-चन्दसौरा,
विकास खण्ड- साण्डी, हरदोई

(श्रीष मिश्रा)
सचिव / ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत-चन्दसौरा,
विकास खण्ड- साण्डी, हरदोई

## कार्यालय ग्राम पंचायत-नीभी, विकास खण्ड-अहिरोरी, जनपद-हरदोई

पत्रांक- मेमो/मनरेगा/राज्य वित्त / केन्द्रीय वित्त/2025-26 दिनाँक-12.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत-नीभी, विकास खण्ड-अहिरोरी, जनपद- हरदोई द्वारा मनरेगा/राज्य वित्त / केन्द्रीय वित्त से कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्यो की सामग्री (सीमेण्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, रोड़ा, ईट प्रथम आदि) आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदायें दिनाँक-14.03.2026 से 17.03.2026 को 03:00 बजे तक प्राप्त कर जमा कर सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनाँक-17.03.2026 को समिति द्वारा सायं 04:00 बजे कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | विशुनू के घर से नरेश के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग कार्य। | 464163.00 |
| 2 | अशोक के घर से शिव मंदिर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 354206.00 |

**नोट- नियम व शर्ते निम्नवत् है-**

1- निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुयी किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी।
3- बिना बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4- निविदा फार्म पर उल्लेखित साफ शब्दों में अंकित करें।
5- धन की उपलब्धता पर कार्य कराया जायेगा।
6- कार्यो की कटौती प्रावधान/ लागू दरों की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7- प्राविधारित कार्यो / सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।
8- समस्त सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर की जाएगी।

(उमा देवी)
प्रधान
ग्राम पंचायत- नीभी,
विकास खण्ड- अहिरोरी, हरदोई

(पवन कुमार)
सचिव
ग्राम पंचायत- नीभी,
विकास खण्ड- अहिरोरी, हरदोई

## कार्यालय सुशीला देवी भूरी सिंह सरस्वती शिशु मन्दिर रमापुर पाली, विकास खण्ड-भरखनी, जनपद हरदोई

पत्रांकःटेण्डर नोटिस/ 2025-26 दिनाँक-13.03.2026

**अल्पकालीन निविदा आमत्रंण**

विकास खण्ड-भरखनी अन्तर्गत कार्यालय सुशीला देवी भूरी सिंह सरस्वती शिशु मन्दिर रमापुर पाली, विकास खण्ड-भरखनी, जनपद-हरदोई में श्री माधवेन्द्र प्रताप सिंह जी, मा0 विधायक, की विधायक निधि द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति हेतु फर्म / सप्लायरों से मोहरबंद निविदाएं दिनाँक-20.03.2025 को समय अपरान्ह् 03:00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जाएगी, जो उसी दिन अपरान्ह् 04:00 बजे प्रबन्धक कार्यालय में गठित निविदा समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाएगी। कार्यालय निविदा प्रपत्र दिनाँक-14.03.2026 से 30.03.2026 तक प्रत्येक कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किए जा सकते हैं।

कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| विकास खण्ड | संस्तुत कार्य का नाम | आगणन के अनुसार | | प्रथम किश्त में अवमुक्त धन0 | कार्य हेतु निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक मात्रा | लागत | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| भरखनी | सुशीला देवी भूरी सिंह सरस्वती शिशु मन्दिर ग्राम रमापुर पाली में हाल का निर्माण कार्य। | एक हाल (14.00x8.00) | 9.31 | 5.586 | 03 माह |

**निविदा की शर्ते निम्नवत् है-** 01. निविदा में निर्माण कार्य की दो प्रतिशत में उल्लेख करना अनिवार्य है एवं पैसे में प्रस्तुत निविदा मान्य न होगी। 02. निविदादाताओं को प्रपत्र के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं एक रूपए का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य होगा। 03. निविदादाता आयकर देने वाला हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जिस पर जी0एस0टी0 नम्बर अंकित हो, की प्रमाणित पैन नम्बर एवं जी0एस0टी0 नम्बर की छायाप्रति संलग्न की जाये। 04. निविदादाता की निविदा स्वीकृत होने पर नियमानुसार टैक्स की अनुमन्य कटौती की जायेगी। 05. निविदा के साथ कॉलम 5 में अंकित जमानत धनराशि सम्बन्धित कार्यों के अनुसार अवश्य संलग्न होनी चाहिए। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बैंक से निर्गत फिक्स्ड डिपाजिट रसीद, एन0एस0सी0 पोस्ट ऑफिस पासबुक जो कि सम्बन्धित प्रबन्धक के पक्ष में पदनाम से 01 वर्ष की अवधि तक बन्धक हो, निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में निविदा निरस्त कर दी जायेगी। जिसके सम्बन्ध में आपका कोई भी दावा मान्य न होगा। 06.फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर लें निविदा स्वीकृति के पश्चात् कार्यस्थल पर निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण व आपूर्ति करना अनिवार्य होगा, जिसके सम्बन्ध में कोई भी दावा मान्य न होगा। 07. कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में विवाद निपटारा होने तक निर्माण कार्य का कोई भी भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही भुगतान सम्बन्धी कोई दावा आपत्ति मान्य होगा। 08. ऐसे निविदादाता जो कि राज्य बार काउंसिलिंग में पंजीकृत है, को टेण्डर प्रक्रिया में भागीदारी की अनुमति नहीं है। 9. एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। 10. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

प्रबन्धक
सुशीला देवी भूरी सिंह सरस्वती शिशु मन्दिर रमापुर पाली,
विकास खण्ड-भरखनी, जनपद-हरदोई

## कार्यालय ग्राम पंचायत-बिजगवां, विकास खण्ड-पिहानी, जनपद-हरदोई

पत्रांक- मेमो/मनरेगा/2025-26 दिनाँक-13.03.2026

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

कार्यालय ग्राम पंचायत-बिजगवां, विकास खण्ड-पिहानी, जनपद-हरदोई द्वारा मनरेगा के अन्तर्गत कराए जाने वाले निम्न लिखित कार्यो पर सामग्री (सीमेण्ट, मौरंग, बालू, पत्थर रोड़ा, इण्टरलॉकिंग ईट, ब्रिक्स ईट प्रथम आदि) आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनाँक-14.03.2026 से 19.03.2026 को 03:00 बजे तक पंचायत भवन से प्राप्त कर जमा कर सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनाँक-19.03.2026 को समिति द्वारा साय 04:00 बजे पंचायत भवन में खोली जाएगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | धर्मवीर के घर से बाला जी के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 307179.00 |
| 2. | शिव मंदिर के घर से विष्णु के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 211070.00 |
| 3. | रामासरे के घर से नरेश के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली कार्य। | 204109.00 |
| 4. | रामकुमार के घर से पिंटू सिंह के घर तक सी0सी0 रोड व नाली कार्य। | 569179.00 |

**नोट-**

1- निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुयी किसी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
2- निविदा फार्म पर किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी।
3- बिना बताये किसी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4- निविदा फार्म पर उल्लेखित साफ शब्दों में अंकित करें।
5- धन की उपलब्धता पर कार्य कराया जायेगा।
6- कार्यो की कटौती प्रावधान/ लागू दरों की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7- प्राविधारित कार्यो की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

(श्री मेवाराम)
प्रधान
ग्राम पंचायत- बिजगवां
विकास खण्ड- पिहानी, हरदोई

(श्री अभिषेक कुमार)
सचिव
ग्राम पंचायत- बिजगवां
विकास खण्ड- पिहानी, हरदोई

## इच्छामृत्यु का ऐतिहासिक फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अभूतपूर्व फैसले में इच्छामृत्यु को मंजूरी दी है। अदालत ने 32 साल के हरीश राणा के लिए इच्छामृत्यु की इजाजत दी। सुप्रीम कोर्ट में जब जस्टिस जे. बी. पारदीवाला यह फैसला सुना रहे थे तो इस दौरान वे बेहद भावुक हो गए और उनकी आंखें नम हो गई थी। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने हरीश राणा के माता-पिता को उनकी जीवनरक्षक चिकित्सा हटाने की इजाजत दे दी है। हरीश राणा पिछले 13 साल से लगातार वेजिटेटिव स्टेट यानी कोमा में हैं। अपना फैसला पढ़ते समय जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि हरीश राणा कभी एक होनहार छात्र थे और अपनी पढ़ाई कर रहे थे, लेकिन एक दुर्घटना ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि ऐसे मामलों में मुख्य सवाल यह नहीं होता कि मरीज के लिए मौत बेहतर है या नहीं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि जीवन को बनाए रखने वाला इलाज मरीज के हित में है या नहीं। अदालत ने कहा कि हरीश राणा को सिर्फ सोने-जागने के चक्र में फंसे हुए हैं, लेकिन वह किसी भी तरह की अर्थपूर्ण प्रतिक्रिया नहीं दे पा रहे हैं। वह अपने दैनिक कामों के लिए पूरी तरह दूसरों पर निर्भर हैं। अदालत ने यह भी बताया कि हरीश को पीईजी ट्यूब के जरिए क्लिनिकली एडमिनिस्टर्ड न्यूट्रिशन दिया जा रहा है और इतने सालों में उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है। 20 अगस्त 2013 को हरीश राणा अपने छात्रावास की चौथी मंजिल से गिर गए थे। उनके सिर में गहरी चोट लगी और लंबे इलाज के बावजूद वे कोमा से निकल नहीं पाए हैं। उनकी स्थिति को देखते हुए उनके अभिभावकों ने ही इच्छामृत्यु की प्रार्थना की थी। जिस पर दिसंबर 2025 की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने हरीश राणा की निष्क्रिय इच्छामृत्यु की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया था। तब भी अदालत ने कहा था कि हरीश पिछले 13 वर्षों से गंभीर स्थिति में हैं, और उन्हें इस हालत में जीने नहीं दिया जा सकता। हरीश राणा को ट्यूब के जरिए पोषण पहुंचाकर जिंदा तो रखा गया, लेकिन वे किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दे पा रहे थे और लगातार बिस्तर पर होने के कारण उनकी शारीरिक अवस्था भी सही नहीं थी। उनकी चिकित्सा रिपोर्ट्स में इन सारी तकलीफों का विस्तार से वर्णन किया गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने नई दिल्ली में एम्स के चिकित्सकों के द्वितीयक चिकित्सा बोर्ड द्वारा दाखिल की गई राणा की चिकित्सा संबंधी रिपोर्ट का अवलोकन किया था और कहा था कि यह रिपोर्ट दुखद है। प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड ने मरीज की स्थिति की जांच करने के बाद कहा था कि उसके ठीक होने की संभावना नगण्य है। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल 11 दिसंबर को मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि प्राथमिक चिकित्सा बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार यह व्यक्ति बेहद दयनीय स्थिति में है। पीठ ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को राणा को उपशामक देखभाल इकाई में भर्ती करने का निर्देश दिया है ताकि चिकित्सकीय उपचार बंद किया जा सके। पीठ ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपचार को एक सुनियोजित तरीके से बंद किया जाए ताकि गरिमा बनी रहे। आमतौर पर यही कहा जाता है कि जब आप किसी व्यक्ति को जीवन दे नहीं सकते, तो जीवन लेने का हक भी आपको नहीं है। कई देशों में इसी आधार पर मृत्युदंड पर भी बहस छिड़ी रहती है, क्योंकि एक बार सांसों की डोर टूट गई, तो फिर उसे जोड़ने का कोई उपाय नहीं है। लेकिन अगर व्यक्ति जिंदा होकर भी किसी मृतप्राय व्यक्ति की तरह हो जाए, जिसके लिए कोई इलाज कारगर न साबित हो, जो असहनीय तकलीफों से गुजरे तो क्या उसे इच्छामृत्यु की इजाजत दी जा सकती है। तब क्या इसे हत्या या आत्महत्या या मृत्युदंड से अलग न्यायोचित ठहराया जा सकता है। ऐसे कई सवाल इच्छामृत्यु के फैसले पर उठते रहे हैं। बुधवार को आए इस फैसले के बाद सम्मानजनक मृत्यु के अधिकार यानी श्राइट टू डाई विद डिग्निटीश जैसे अहम सवाल पर नयी चर्चा शुरु हो सकती है। दरअसल भारत में ऐसा ही एक मामला 1973 में आया था, जब मुंबई के केईएम अस्पताल के वार्डबॉय सोहनलाल वाल्मीकि ने नर्स अरुणा शानबाग के साथ बेरहमी से यौन उत्पीड़न किया और गला दबाया था, जिससे वे स्थायी रूप से कोमा में चली गईं थी।

**हरीश राणा पिछले 13 साल से लगातार वेजिटेटिव स्टेट यानी कोमा में हैं। अपना फैसला पढ़ते समय जस्टिस पारदीवाला ने कहा कि हरीश राणा कभी एक होनहार छात्र थे और अपनी पढ़ाई कर रहे थे, लेकिन एक दुर्घटना ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि ऐसे मामलों में मुख्य सवाल यह नहीं होता कि मरीज के लिए मौत बेहतर है या नहीं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि जीवन को बनाए रखने वाला इलाज मरीज के हित में है या नहीं।**

# युद्धोन्माद और मीडिया

सर्वमित्रा सुरजन

ईरान के अखबार तेहरान टाइम्स ने अपने पहले पन्ने पर एक मार्मिक और भीतर तक झकझोरने वाली तस्वीर छापी है, जिसमें दक्षिणी ईरान के मिनाब शहर के एक स्कूल में मिसाइल हमले में मारी गई मासूम बच्चियों की तस्वीरें हैं। अकाल मौत की शिकार इन बच्चियों की तस्वीरों के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक संदेश है कि, ट्रम्प, उनकी आंखों में आंखें डालकर देखिए। इसके बाद नीचे लिखा है सैकड़ों ईरानी बच्चों की मौत के बावजूद, अमेरिकी राष्ट्रपति अभी भी मीनाब के प्राथमिक विद्यालय पर बमबारी से इनकार कर रहे हैं। अखबार ने इस पहले पन्ने को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है, जिस पर दुनिया भर से भावुक प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने लिखा, श्कितनी संभावनाएं मिट गईं, कितने भविष्य शुरू होने से पहले ही खत्म हो गए, कितने फूल खिलने से पहले ही कुचल दिए गए। एक अन्य टिप्पणी में संघर्ष में शामिल कई लोगों को दोषी ठहराते हुए कहा गया, श्सिर्फ ट्रंप ही नहीं, बल्कि गोली चलाने वाले, मिसाइल बनाने वाले, खुफिया जानकारी मुहैया कराने वाले और अंततः सभी ट्रंप समर्थक भी दोषी हैं। वहीं खुद को अमेरिकी नागरिक बताने वाले एक यूजर ने संघर्ष समाप्त करने की अपील करते हुए लिखा, यह जानकर दुख हुआ कि अमेरिका अभी भी मीनाब के प्राथमिक विद्यालय पर हुए बम हमले से इनकार कर रहा है। ट्रंप का इसे स्वीकार करने से इनकार करना जवाबदेही और पश्चाताप की चिंताजनक कमी को दर्शाता है। एक अमेरिकी नागरिक के रूप में, मेरा मानना है कि अब युद्धविराम की मांग करने, इस युद्ध को समाप्त करने और शांति की ओर बढ़ने का समय आ गया है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को ईरान पर हमले के दौरान ही प्राथमिक स्कूल पर भी मिसाइल गिरी। जिनमें डेढ़ सौ से ज्यादा बच्चियां, जिनकी उम्र 7 से 12 बरस रही होगी उनकी मौत हो गई। साथ ही स्कूल के कुछ शिक्षकों और कर्मियों की भी मौत हुई है। इन बच्चियों को दफ्ष्न करने की तस्वीरें भी ईरान से बाहर आई थीं, जिनमें बड़ी संख्या में शोकाकुल लोग जमा हुए थे। ईरान से पहले गजा से भी ऐसे कई दारुण दृश्य सामने आ चुके हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि शक्तिशाली लोगों के पास संवेदनाएं नाममात्र को भी नहीं बची हैं। तभी तो वे निहत्थे, मासूम लोगों को क्रूरता से मारने के बावजूद जरा नहीं पछता रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो बड़ी बेशर्मी से इस हमले के लिए ईरान को ही जिम्मेदार ठहरा दिया कि उसी ने टॉमहॉक मिसाइल स्कूल पर गिराई है। यह जवाब एक अमेरिकी पत्रकार के सवाल पर ट्रंप ने दिया था। हालांकि अमेरिकी सैन्य जांचकर्ताओं का मानना है कि लड़कियों के स्कूल पर हमले के लिए अमेरिकी सेना जिम्मेदार हो सकती है। कैलिफोर्निया के गर्वनर गैविन न्यूजॉम ने भी इस हमले के लिए ट्रंप को दोषी ठहराया है। लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि अमेरिका श्जानबूझकर किसी स्कूल को निशाना नहीं बनाएगा।श मान लें कि जानबूझकर निशाना नहीं बनाया, लेकिन अनजाने में भी ऐसा हुआ है तो क्या उसकी जिम्मेदारी ट्रंप को नहीं लेनी चाहिए या सैकड़ों बच्चियों के खून से रंगे हाथ लेकर वो अब भी नोबेल शांति पुरस्कार पहनना चाहते हैं। वैसे जिस टॉमहॉक मिसाइल का नाम ट्रंप ने लिया कि ईरान ने उसका इस्तेमाल किया है, वो सरासर झूठ है। टॉमहॉक मिसाइलों का निर्माण फीनिक्स, एरिजोना की आरटीएक्स कंपनी द्वारा किया जाता है। और अमेरिका इन्हें केवल चार देशों को बेचता है, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, जापान और नीदरलैंड। इस समय इनमें से कोई भी देश अमेरिका के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ नहीं खड़ा है। तो जाहिर है कि हमला अमेरिका की तरफ से ही हुआ है। इस हमले पर न्यूयॉर्क टाइम्स, रॉयटर्स, सीबीएस और वॉशिंगटन पोस्ट जैसे मीडिया संस्थान अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। इससे एक बात फिर साबित होती है कि अगर मीडिया ईमानदारी से काम करे तो फिर सच और झूठ की पड़ताल आसान हो जाती है। इस मामले में भारतीय मीडिया की अवस्था काफी दयनीय लगती है। रोजाना स्क्रीन पर दिखने वाले स्वनामधन्य पत्रकारों के लिए अभी ईरान पर हमला, या उससे पहले गजा पर हमला, ऑपरेशन सिंदूर या रूस-यूक्रेन युद्ध टीआरपी बढ़ाने, चिल्ला-चिल्ला कर सच्ची-झूठी बातों का घालमेल करने और पीड़ित से ज्यादा आक्रांता के पक्ष में खड़े होने का ही माध्यम है। जब ये पत्रकार स्क्रीन पर अवतरित होते हैं, तो पीछे बमों और मिसाइलों के बरसने, आग लगने, तबाही के दृश्य लगातार चलते हैं। ऐसा लगता है मानो कोई वीडियो गेम चल रहा है, जिसमें रिमोट की बटन दबाते ही विध्वंस होता है, हर धमाके के साथ पत्रकारों की आवाजें तेज हो जाती हैं, जिनमें तथ्य और असली सूचनाएं दब जाती हैं, संवेदनाएं गायब हो जाती हैं, रह जाता है तो बस परपीड़ा सुख, जिसकी लहरों में ये पत्रकार डूबते-उतरते दिखते हैं।

अभी कुछ दिन पहले का ही वाकया है, एक सबसे तेज चौनल पर अमेरिकी प्रेस सचिव कैरोलिन लैविट के हवाले से ब्रेकिंग न्यूज दी गई कि ईरान में अमेरिकी दूतावास में 66 अमेरिकियों को बंधक बनाया गया है। पत्रकार ने चीख-चीख कर बताना शुरु किया कि ईरान ने ये कैसा घातक कदम उठाया है, अब अमेरिका इसका कितना तगड़ा जवाब देगा। उनके साथ बैठे एक पैनलिस्ट ने भी यही विचार पेश किए। गनीमत है कि चर्चा में शामिल एक अन्य पत्रकार ने बताया कि लैविट आज की बात नहीं कर रही 1979 की घटना का जिक्र कर रही हैं। 1979 के बाद से तो ईरान में अमेरिका का दूतावास ही नहीं है। इस जानकारी के बाद 66 अमेरिकियों को बंधक बनाने वाली ब्रेकिंग खबर स्क्रीन से गायब हुई। लेकिन इस घटना से भी शायद कोई सबक इस चौनल या पत्रकार महोदया ने नहीं लिया, क्योंकि अभी फिर एक कार्यक्रम में ईरान के अल मुस्तफा विश्वविद्यालय के एक प्रोफ़ेसर सय्यद जमीन अब्बास से मुज्तबा खामेनेई पर बात करते हुए इस पत्रकार ने कहा कि आप तमीज से बात करिए। अमेरिका जाकर ट्रंप के हमशक्ल के साथ बात करने को बड़ी सफलता मानने वाली इस पत्रकार ने जिस तरीके से ईरान के हालात पर चर्चा की, उसमें अमेरिका के साथ पक्षधरता साफ नजर आई। ईरान में लोकतंत्र क्यों नहीं है, जैसे सवालों से इस पूरे युद्ध को हल्का बनाने की सायास कोशिश की जा रही है। सोचने वाली बात ये है कि खामेनेई की हत्या जैसा गंभीर अपराध जो अमेरिका ने किया अगर वही काम ईरान ने किया होता, अगर किसी ईरानी हमले में अमेरिका के राष्ट्रप्रमुख मारे गए होते तो भी क्या टीवी स्टूडियो में इसी तरह की चर्चा होती। तब तो बड़ा आतंकी हमला, सभ्यता पर हमला, लोकतंत्र पर सीधा वार मानवता के खिलाफ अपराध जैसे शीर्षकों के साथ ईरान को कटघरे में खड़ा कर दिया जाता। अभी आलम ये है कि खामेनेई की हत्या पर नरेन्द्र मोदी ने आज तक शोक नहीं जताया है तो भला उनकी चिरौरी करने वाले चौनल क्यों अमेरिका की इस गलत हरकत पर चर्चा करेंगे। हैरत की बात यह है कि खामेनेई के बाद अब नए सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई को भी मारने की धमकी ट्रंप और नेतन्याहू ने दी है और इसे सामान्य तरीके से लिया जा रहा है। दरअसल युद्ध के उन्माद में सही-गलत, नैतिक-अनैतिक सारे दायरे ध्वस्त कर दिए गए हैं और शक्तिशाली ही सही है, यह जंगल न्याय मीडिया के जरिए बढ़ाया जा रहा है। याद कीजिए कि 1990-91 के पहले खाड़ी युद्ध में एक मोर्चा मीडिया ने भी खड़ा किया था, और इससे पूरी दुनिया में युद्ध का कथानक बदला गया। इराक के खिलाफ अमेरिका और उसके साथियों द्वारा छेड़े गए इस युद्ध को तब सीएनएन के जरिए सातों दिन चौबीसों घंटे लाइव कवरेज दी गई। जिससे समाचार रिपोर्टिंग में अभूतपूर्व बदलाव लाया। इस कवरेज ने युद्ध को एक वीडियो गेम की तरह प्रस्तुत किया, जिसमें उलझी जनता ने युद्ध की हिंसक भयावहता पर अत्याधुनिक हथियारों के प्रभाव को मुग्ध होकर देखा। इससे पहले आधे घंटे के समाचार बुलेटिन में खबरों के निष्पक्ष प्रसारण को दर्शक देखते थे, लेकिन इसके बाद वे टीवी पर युद्ध देखने के आदी बना दिए गए। अमेरिका ने इसका खूब फायदा उठाया, पेंटागन ने पत्रकारों की गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के लिए नेशनल मीडिया पूल नीति अपनाई, जिसमें खबरों पर सीधा नियंत्रण होता था। यानी कब क्या दिखाना है, यह सरकार तय करने लगी। इस कवरेज के जरिए जनता को यह दिखाया गया कि युद्ध में आम जन को निशाना नहीं बनाया जा रहा है, हताहत न्यूनतम रखे जा रहे हैं। लेकिन इस दृश्यम से अलग वास्तविकता कुछ और ही थी।

युद्ध के लाइव कवरेज के कारण जनता में उन्माद पैदा किया गया और इसके बाद बाजार को इस उन्माद को भुनाने के लिए विकसित किया गया। आग बरसाती बंदूकें और मिसाइल बच्चों के खिलौने बन गए। कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफ़ेसर डगलस केलनर ने अपनी पुस्तक श्द पर्शियन गल्फ टीवी वॉर में तर्क दिया कि टेलीविजन नेटवर्क और अन्य मीडिया ने घटनाओं का संतुलित विवरण नहीं दिया क्योंकि इससे व्यावसायिक नेटवर्क के व्यापारिक हितों को बढ़ावा नहीं मिला। उनका कहना था कि मीडिया ने युद्ध को एक रोमांचक कहानी के रूप में प्रस्तुत किया- इसे एक नाटकीय, देशभक्तिपूर्ण तमाशे में बदल दिया। यह बात आज भारतीय मीडिया पर भी उतनी ही सटीक बैठती है।

# भावनाओं के सैलाब में उमड़ा इच्छा मृत्यु का निर्णय

डॉ. रमेश ठाकुर

गाजियाबाद निवासी 32 वर्षीय हरीश राणा की इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐसा भावनात्मक फैसला है जो भारतीय न्याय व्यवस्था के इतिहास में पहली बार लिया गया। कोर्ट के आदेशानुसार इच्छा मृत्यु पर सभी प्रक्रियाएं बेशक मानवीय ढंग और चिकित्सीय निगरानी में होंगी लेकिन फैसला देने वाली पीठ के जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन खुद भी भावुक हो गए। उन्होंने स्वीकार किया कि ये निर्णय देना उनके लिए बहुत कठिन था लेकिन उन्हें अपने फैसले के जरिए एक व्यक्ति को उनके निष्क्रिय शरीर से होती अंतहीन पीड़ा से मुक्ति दिलवाना था जिसका उन्होंने कानूनी मर्यादयों में रहकर अपना फर्ज निभाया। ये मामला अगस्त 2024 में दिल्ली हाई कोर्ट से खारिज होकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था लेकिन यहां भी जजों की एकमत राय नहीं थी। काफी विमर्श के बाद शीर्ष कोर्ट ने 'मेडिकल बोर्ड' गठित करने का आदेश दिया। बोर्ड की जब रिपोर्ट पहुंची, जिसमें चिकित्सकों ने बताया कि हरीश का शरीर शत-प्रतिशत निष्क्रिय हो चुका है इसलिए वह इच्छा मृत्यु का हकदार है। फिलहाल, इच्छा मृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय ने जीवन के असमय अंत की चाहत पर समकालीन स्वास्थ्य देखभाल में ऐसी प्रथाओं की भूमिका पर अनोखी बहस को छेड़ा है। यह बहस सभ्य समाज के कानूनी, नैतिक, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, धार्मिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जटिलताओं और गतिशील पहलुओं को भी सोचने पर विवश करेगी। गौरतलब है कि इच्छा मृत्यु शब्द की उत्पत्ति ग्रीस में हुई थी, जिसका अर्थ होता है सुखद मृत्यु। कानून में जीवन का अधिकार' अनुच्छेद 21 में निहित है जो एक प्राकृतिक अधिकार भी। लेकिन आत्महत्या जीवन का अप्राकृतिक अंत है और इसलिए 'जीवन के अधिकार' की अवधारणा के साथ असंगत और विरोधाभासी है। भारत में आत्महत्या गैरकानूनी होने के बावजूद नहीं रूक रही। लेकिन इच्छा मृत्यु का नाम सुन कर न सिर्फ रोंगटे खड़े होते हैं बल्कि भावनाओं का समुद्र हिचकोले मारने लगता है। भारतीय सभ्यता सदैव से उदारवादी मानी गई है। इस लिहाज से कोई भी व्यक्ति किसी को मरने के लिए नहीं बोल सकता। लेकिन हरीश राणा का मामला इससे अलग है। बीते 13 वर्षों से उनके दर्द भरे जीवन को और लंबा नहीं खींचा जा रहा है। हरीश को दर्द भरे जीवन से मुक्ति दिलाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं। शीर्ष अदालत ने हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की अनुमति दे दी है, जिसे चिकित्सकीय निगरानी में उनकी आखिरी सांसों को प्राकृतिक बनाया जाएगा। बेशक ये निर्णय पहला है पर यह आखिरी हो। इसके दुरुपयोग के जोखिम कम नहीं हैं। भारत में ऐसे असंख्य मामले हैं जहां बीमार बुजुर्गों के परिजन उनकी धन-दौलत, संपत्तियों पर कब्ज़ा करने के लिए उनके मरने के इंतजार में हैं। ऐसे में वो भी उनकी इच्छा मृत्यु की चाह लेकर अदालतों तक पहुंचने लगेंगे। इस मसले में केंद्र सरकार को समग्र कानून या कोई व्यापक व्यवस्था बनानी होगा। हालांकि, ताजा फैसले को शीर्ष कोर्ट ने 2018 के कॉमन कॉज को कानूनी रूप से पैसिव यूथेनेशिया के तहत दिया है, जिसे बार-बार नहीं दोहराया जा सकता। हरीश का ये मामला दुर्लभ श्रेणी का है। हरीश के साथ ये दुखद घटना अगस्त 2013 में रक्षाबंधन पर्व के दिन घटी थी। तब, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में वह सिविल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष का छात्र था। अचानक हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर पड़ा। गिरने के बाद उसके ब्रेन में गहरी इंजरी हुई। तब से लेकर आज तक तमाम चिकित्सीय सुविधाएं दी गईं लेकिन सभी बेअसर साबित हुईं। पिछले साढ़े 13 सालों से वह अचैत अवस्था में बिस्तर पर है। सारे डॉक्टर हार गए, कोई दवा काम नहीं आई। हार कर माता-पिता घर उसे ले आए और लाइफ सपोर्ट सिस्टम के सहारे कर दिया। इस दौरान माता-पिता की समूची जिंदगी आर्थिक और मानसिक रूप से बेटे के स्वस्थ होने की चाह में तबाह हो गई। झूठी आस में बेटे की सेवा करते रहे लेकिन उसकी भी सीमा होती है। आखिर कब तक वह बेटे को जिंदा रखते। माता-पिता शारीरिक रूप से भी जब कमजोर होने लगे तो उन्होंने हाईकोर्ट में इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई, जो अब कहीं जाकर मंजूर हुई है। अदालत में लंबी जिरह हुई, कोर्ट द्वारा मंगाई गई 'एम्स अस्पताल' की रिपोर्ट जिससे साफ हुआ कि हरीश के ठीक किये जाने की कोई उम्मीद नहीं। तब, कोर्ट की पीठ ने भावुक होकर इच्छा मृत्यु पर कठोर निर्णय दिया। दरअसल, ऐसा पड़ाव आ चुका था जिसे और लंबा नहीं खींचा जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट ने पूरे सम्मानपूर्वक हरीश राणा को इच्छा मृत्यु की इजाजत देकर पूर्ण कार्य किया है। कोर्ट ने कहा है कि हरीश को अपार दुख में अब और नहीं रखा जा सकता। फिलहाल, एकाध दिनों में कोर्ट के आदेशानुसार हरीश के शरीर से जीवन रक्षक प्रणाली को हटाया जाएगा और पूरी मानवीय प्रक्रिया निभाकर उनके शरीर को मुक्ति दिलाई जाएगी।

**बेशक ये निर्णय पहला है पर यह आखिरी हो। इसके दुरुपयोग के जोखिम कम नहीं हैं। भारत में ऐसे असंख्य मामले हैं जहां बीमार बुजुर्गों के परिजन उनकी धन-दौलत, संपत्तियों पर कब्ज़ा करने के लिए उनके मरने के इंतजार में हैं। ऐसे में वो भी उनकी इच्छा मृत्यु की चाह लेकर अदालतों तक पहुंचने लगेंगे। इस मसले में केंद्र सरकार को समग्र कानून या कोई व्यापक व्यवस्था बनानी होगा। हालांकि, ताजा फैसले को शीर्ष कोर्ट ने 2018 के कॉमन कॉज को कानूनी रूप से पैसिव यूथेनेशिया के तहत दिया है, जिसे बार-बार नहीं दोहराया जा सकता। हरीश का ये मामला दुर्लभ श्रेणी का है। हरीश के साथ ये दुखद घटना अगस्त 2013 में रक्षाबंधन पर्व के दिन घटी थी। तब, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में वह सिविल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष का छात्र था। अचानक हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिर पड़ा। गिरने के बाद उसके ब्रेन में गहरी इंजरी हुई।**

# अविश्वास प्रस्ताव की राजनीति एवं लोकतांत्रिक मूल्य

ललित गर्ग

भारतीय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्था संसद है, जहां न केवल कानून बनते हैं बल्कि राष्ट्र की दिशा और दशा पर गंभीर विमर्श भी होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल आधार यही है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी भूमिका को लोकतांत्रिक तरीके से जिम्मेदारी, संयम और मर्यादा के साथ निभाएं, यह नितांत अपेक्षित है। किंतु हाल के दिनों में जिस तरह से लोकसभा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव चर्चा में आया, उसने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया कि क्या विपक्ष वास्तव में संसदीय मर्यादाओं और लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों को लेकर गंभीर है या वह केवल स्वार्थ की राजनीतिक करने के लिए ऐसे कदम उठा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना एक गंभीर संसदीय कदम माना जाता है। यह केवल राजनीतिक विरोध का साधन नहीं होता, बल्कि इसके पीछे ठोस तर्क, गंभीर आरोप और व्यापक समर्थन होना अपेक्षित होता है। किंतु जिस प्रकार विपक्ष ने यह प्रस्ताव लाया और बाद में उसकी गंभीरता का अभाव दिखाया, उसने इस पूरी प्रक्रिया को प्रश्नों के घेरे में खड़ा कर दिया। जब यह प्रस्ताव ध्वनि मत से खारिज हुआ तो विपक्ष ने मतदान की मांग तक नहीं की। यदि विपक्ष को अपने प्रस्ताव पर पूरा विश्वास होता और उसे लगता कि वह सदन का समर्थन प्राप्त कर सकता है, तो वह निश्चित रूप से मत विभाजन की मांग करता। लेकिन ऐसा न होना इस तथ्य को ही पुष्ट करता है कि विपक्ष स्वयं भी जानता था कि यह प्रस्ताव पारित होने की स्थिति में नहीं है। इससे भी अधिक आश्चर्यजनक स्थिति तब देखने को मिली जब प्रस्ताव पर चर्चा का अवसर आया तो विपक्ष ने स्वयं उस पर चर्चा करने के बजाय पश्चिम एशिया के संकट पर बहस की मांग शुरू कर दी। यह विषय निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, किंतु यदि विपक्ष ने स्वयं लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था तो उसे पहले उसी पर गंभीर चर्चा करनी चाहिए थी। सरकार की ओर से भी यह स्पष्ट किया गया कि वह अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा से पीछे नहीं है, लेकिन संसद की कार्यवाही को नियमों और प्राथमिकताओं के अनुसार चलाना आवश्यक है। इस पूरे घटनाक्रम ने यह संकेत दिया कि विपक्ष विशेष रूप से कांग्रेस अपने ही प्रस्ताव को लेकर गंभीर नहीं थी। इस अवसर पर ही नहीं, अनेक अवसरों पर उसने गैर-जिम्मेदारी एवं बचकानेपन का अहसास कराया है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वह सरकार की नीतियों की समीक्षा करता है, उसकी गलतियों को उजागर करता है और वैकल्पिक दृष्टि प्रस्तुत करता है। किंतु जब विपक्ष केवल राजनीतिक आरोपों और शोर-शराबे तक सीमित रह जाए तो लोकतांत्रिक विमर्श कमजोर पड़ने लगता है। यहां सत्ता-पक्ष के लिये भी यह गौर करने की बात है कि आखिर विपक्ष को ऐसा क्यों लग रहा है कि उसकी बातों को अनसुना किया जाता है? पक्ष एवं विपक्ष दोनों को ही विश्वास, समन्वय एवं सौहार्द बनाये रखते हुए ही आगे बढ़ना होगा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का व्यवहार भी कई बार संसदीय मर्यादाओं के संदर्भ में चर्चा का विषय बना है। यह सच है कि विपक्ष के नेता के रूप में उन्हें सरकार की आलोचना करने और अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि संसदीय नियमों और परंपराओं को दरकिनार कर दिया जाए। संसद की कार्यवाही स्पष्ट नियमों और प्रक्रियाओं के अधीन चलती है और इन नियमों का पालन करना हर सांसद की जिम्मेदारी है। बीते कुछ समय से राहुल गांधी संसद के भीतर और बाहर यह आरोप लगाते रहे हैं कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के मामले में प्रधानमंत्री ने समर्पण कर दिया है। इस तरह के आरोपों को उन्होंने कई मंचों पर दोहराया है, किंतु इन दावों के समर्थन में ठोस तथ्य प्रस्तुत नहीं किए गए। इसी प्रकार उन्होंने चुनाव आयोग पर भी यह आरोप लगाया कि वह मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण के माध्यम से सत्तारूढ़ दल को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। ऐसे आरोप लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाने वाले होते हैं और यदि इन्हें प्रमाणों के बिना बार-बार दोहराया जाए तो यह लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए भी उचित नहीं माना जा सकता। इसी संदर्भ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में विस्तार से यह बताया कि लोकसभा अध्यक्ष पर बोलने का अवसर न देने का आरोप लगाने वाले राहुल गांधी ने स्वयं कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा में भाग नहीं लिया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि संसद के विभिन्न सत्रों के दौरान उनकी उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही है और कई बार महत्वपूर्ण बहसों के दौरान वे विदेश यात्राओं पर रहे। इन तथ्यों को सामने रखते हुए यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि यदि संसद में सक्रिय भागीदारी ही कम होगी तो संसदीय विमर्श को प्रभावी कैसे बनाया जा सकेगा। जहां तक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का प्रश्न है, उनका कार्यकाल कई दृष्टियों से उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने सदन की कार्यवाही को संतुलित, संयमित और नियमबद्ध ढंग से संचालित करने का प्रयास किया है। उनके नेतृत्व में संसद की कार्यवाही को अधिक उत्पादक बनाने की दिशा में कई प्रयास किए गए। उन्होंने सांसदों को समयबद्ध तरीके से बोलने का अवसर देने, युवा सांसदों को अधिक सक्रिय करने और संसदीय समितियों की भूमिका को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया। ओम बिरला की एक बड़ी विशेषता उनका शांत, संयमित और संवादपरक स्वभाव है। वे अक्सर सभी दलों के नेताओं से संवाद स्थापित कर सदन को सुचारुरूप से चलाने की कोशिश करते हैं। कई बार जब सदन में तीखी बहस या हंगामे की स्थिति बनी, तब भी उन्होंने धैर्य और संतुलन के साथ कार्यवाही को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। यही कारण है कि उनके कार्यकाल को संसदीय परंपराओं के सम्मान और लोकतांत्रिक संतुलन के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जाता है। भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां लगभग डेढ़ अरब लोगों की आकांक्षाएं, विविधताएं और विचार संसद के माध्यम से अभिव्यक्ति पाते हैं। यह लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह निरंतर संवाद, विमर्श और जवाबदेही की प्रक्रिया है। संसद इसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का केंद्रीय मंच है। इसलिए यह अपेक्षा की जाती है कि वहां होने वाली बहसें गंभीर, तथ्यपूर्ण और मर्यादित हों। दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में संसद में हंगामे और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की प्रवृत्ति बढ़ी है। कई बार महत्वपूर्ण विधेयकों और नीतिगत मुद्दों पर गंभीर चर्चा के बजाय राजनीतिक टकराव का माहौल बन जाता है। इससे न केवल संसद की गरिमा प्रभावित होती है बल्कि जनता के मन में भी यह प्रश्न उठता है कि क्या उनके प्रतिनिधि वास्तव में राष्ट्रीय मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया यह अविश्वास प्रस्ताव भी इसी प्रवृत्ति का एक उदाहरण प्रतीत होता है। जब विपक्ष स्वयं अपने प्रस्ताव को गंभीरता से आगे नहीं बढ़ाता, तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर प्रश्न खड़े करता है। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, बल्कि वह आवश्यक भी है, लेकिन असहमति को जिम्मेदारी और तर्कसंगतता के साथ व्यक्त किया जाना चाहिए। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की यह जिम्मेदारी है कि वे संसद को टकराव का मंच बनाने के बजाय संवाद का मंच बनाएं। यदि संसद में गंभीर बहसें होंगी, तथ्यात्मक तर्क प्रस्तुत किए जाएंगे और नीतियों पर सार्थक चर्चा होगी, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। अन्यथा केवल राजनीतिक आरोपों और प्रतीकात्मक कदमों से लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को आघात पहुंच सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि संसद की गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखा जाए। लोकसभा अध्यक्ष को संसद की निष्पक्षता और मर्यादा का प्रतीक माना जाता है और इस संस्था के प्रति अनावश्यक राजनीतिक टकराव लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसके राजनीतिक दल कितनी परिपक्वता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। यदि विपक्ष अपनी भूमिका को गंभीरता और रचनात्मकता के साथ निभाए और सत्ता पक्ष भी संवाद के लिए खुलेपन का परिचय दे, तो भारतीय लोकतंत्र न केवल मजबूत होगा बल्कि विश्व के सामने एक आदर्श भी प्रस्तुत करेगा। यही वह मार्ग है जो संसद की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित-तीनों की रक्षा कर सकता है।

**लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना एक गंभीर संसदीय कदम माना जाता है। यह केवल राजनीतिक विरोध का साधन नहीं होता, बल्कि इसके पीछे ठोस तर्क, गंभीर आरोप और व्यापक समर्थन होना अपेक्षित होता है। किंतु जिस प्रकार विपक्ष ने यह प्रस्ताव लाया और बाद में उसकी गंभीरता का अभाव दिखाया, उसने इस पूरी प्रक्रिया को प्रश्नों के घेरे में खड़ा कर दिया। जब यह प्रस्ताव ध्वनि मत से खारिज हुआ तो विपक्ष ने मतदान की मांग तक नहीं की। यदि विपक्ष को अपने प्रस्ताव पर पूरा विश्वास होता और उसे लगता कि वह सदन का समर्थन प्राप्त कर सकता है, तो वह निश्चित रूप से मत विभाजन की मांग करता।**

# मर्का खण्ड तीन खदानः पहलवान के गुर्गे खनिज को बना रहे मुर्गा

## मर्का खण्ड तीन में बेधड़क जारी है अवैध खनन का काला कारोबार

- बांदा के ओवरलोड ट्रकों से फतेहपुर के असोथर के ग्रामीण हो रहे परेशान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। लाल सोन की लूट का शातिर पहलवान ट्रेडर्स के दो कुख्यात गुर्गों की सरदारी में अवैध खनन का काला खेल धड़ल्ले से साड़ी 60 की तर्ज मर्का खण्ड तीन में भी जारी है। बबेरू तहसील क्षेत्र के मर्का खण्ड तीन की खदान बनकर रह गयी है। इस खदान में वैध पटट् की आड़ में अवैध तरीके से खनन और ओवरलोड वाहनों का परिवहन होना आम बात हो गयी है। पहलवाने प्रदेश की राजधानी में बैठकर जहां अपनी सेटिंग बैठाता है तो वहीं दूसरी ओर जनपद में उसके दो कारखास अशोक और बबलू के द्वारा अवैध खनन कराने की कमान संभाली जा रही है। मर्का के ओवरलोड बालू भरे ट्रकों से पड़ोसी जनपद फतेहपुर के असोथर बाशिंदों का जीना दूभर कर दिया है। फतेहपुर जनपद के असोथर में थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदा जनपद के मरका मोरम खदान संख्या 3 से इन दिनों नियम कानून को ताख में रखकर संचालित हो रही है। पहलवान ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड के पहलवानी रसूख के आगे स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग पूरी तरह फ़ेल नज़र आ रहा है। आलम यह है कि ओवरलोड मोरम लदे ट्रक व डंफर फर्राटा भर रहे हैं जिससे न केवल सरकार को करोड़ों का चुना लग रहा है बल्कि क्षेत्र सड़के भी समय से पहले दम तोड़ रही हैं। ये वाहन असोथर से शुरू होकर थरियांव फतेहपुर रायबरेली सहित अन्य जिलों के लिए चुनौती बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ओवर लोड वाहनों के कारण धूल का गुबार घरों व खेतों में जमा हो रहा है जिससे सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है सड़कों की हालत इतनी जर्जर हो गई है कि आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं और छोटे वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है रात भर होने वाले शोर और कम्पन से लोगों की नींद हराम हो गई है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है प्रशासन की सांकेतिक कार्रवाई से खनन माफियाओं के हौसल पस्त होने के बजाय और बुलंद है रहे हैं जो सीधे तौर पर सरकार की जीरो टालरेंस नीति को मुंह चिढ़ा रहा है।पहलवान दो खास गुर्गे बबलू और अशोक अवैध खनन के कार्य में चार चांद लगा रहे हैं। अंदर खाने के खबर निकलकर आ रही है कि पहलवान के ये दो गुर्गे खनिज महकमे को मुर्गा बनाये हुये हैं।

## 3.79 लाख उपभोक्ताओं को मिली बिजली बिल में भारी छूट

बांदा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी और जन-कल्याणकारी नीतियों के फलस्वरूप चित्रकूट मंडल के लाखों परिवारों के जीवन में नई रोशनी लौटी है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई बिजली बिल राहत योजना चित्रकूट मंडल के चारों जनपदों में रिकार्ड स्तर पर सफल साबित हुई है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को 100ः ब्याज माफी और मूलधन में 25 प्रतिशत तक की सीधी छूट देकर योगी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को बड़ी संजीवनी प्रदान की है।चित्रकूट मंडल के कुल 3,79,121 उपभोक्ताओं में से 1,35,781 जागरूक उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण कराया। मुख्यमंत्री की इस उदार योजना का असर यह रहा कि 58,397 उपभोक्ताओं ने तत्काल बकाया भुगतान कर अपने घरों को भविष्य की भारी पेनाल्टी से सुरक्षित कर लिया। इस प्रक्रिया के माध्यम से सरकार को कुल 66.26 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो विकास कार्यों में गति प्रदान करेगा। यहाँ 126406 उपभोक्ताओं में से 48,026 ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 21911 लोगों ने योजना का लाभ उठाते हुए 20 करोड़ 10 लाख रुपये जमा किए।

## रायफल क्लब खेल मैदान में प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग

- डीएम को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भेजा पत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। जिला कंाग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने जिलाधिकारी जे.रीभा को मांग पत्र प्रेषित करते हुए शहर के मध्य स्थित राइफल क्लब खेल मैदान में लगने वाली प्रदर्शनी को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग की गई है प्रेषित पत्र के माध्यम से कंाग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित द्वारा जिला अधिकारी को अवगत कराया गया है कि खेल प्रेमियों के लिए एकमात्र स्थान राइफल क्लब ही है जहां पर खेल प्रेमी तरह-तरह के खेल खेल कर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान बनाए जाने का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं वहीं दूसरी ओर अनेक खेल प्रेमी तरह-तरह के आयोजन कर अपनी कुशल दक्षता का परिचय समय-समय पर देते रहते हैं केंद्र सरकार द्वारा अग्नि वीर योजना जो युवा हित में चलाई गई है उस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी इस खेल के मैदान में की जाती है यहां पर प्रदर्शनी लगाना खेल प्रेमियों के साथ अन्याय है एवं एक दृष्टिकोण से प्रतिभावान खिलाड़ियों का शोषण भी है इसको तत्काल प्रभाव से खेल प्रेमियों के हित में रोका जाना चाहिए एवं सिर्फ खेल के लिए ही अनुमति दी जाए कंाग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने आक्रोशित होकर अपनी बात कही कि अगर अविलंब इस दिशा में कार्रवाई न की गई तो कंाग्रेस पार्टी बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

## दुराचार की पीड़िता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बांदा। दुराचार की पीड़िता ने फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना को जहां परिजन अनभिज्ञता जता रहे हैं। वहीं चर्चा है कि मृतका प्रेमी के जेल जाने से परेशान थी। इसी की चलते उसने खुद्कुशी कर ली है। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बिसंडा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय किशोरी गुरूवार की शाम घर पर अकेली थी। उसकी मां चारा लेने खेत गई हुई थी। इसी बीच सूना मौका ताक किशोरी ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में बास की बल्ली में दुपटटा से फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। मां जब खेत से घर लौटी। तब घटना की जानकारी हो सकी। शव फंदे पर लटकता मिला।शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई ने बताया कि चार मार्च की रात घर पर थी। तभी पड़ोसी बउवा उसे बहला फुसला कर नजदीक स्थित पशु बाड़ा ले गया था। वहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी देर बाद जब बहन घर नही लौटी तो किशोरी के दोनो भाई खोजबीन करते हुए बाड़ा पहुंच गए।

## भरवारी के छात्र राम जी ने जेईई में 99.5 परसेंटाइल हासिल कर किया क्षेत्र का नाम रोशन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। एन डी कांवेंट स्कूल भरवारी के कक्षा 12 के मेधावी छात्र राम जी जायसवाल ने देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा आईआईटी-जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) में 99.5 परसेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस शानदार सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयी। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि राम जी जायसवाल शुरू से ही पढ़ाई में अत्यंत मेधावी, मेहनती और अनुशासित छात्र रहे हैं। उनकी निरंतर लगन, कड़ी मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि उन्होंने देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक जेईई में शानदार सफलता प्राप्त की है। संस्थान के चेयरमैन एवं निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्र ही देश का उज्ज्वल भविष्य हैं और उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस अवसर पर संस्थान की डायरेक्टर सीमा पंवार ने कहा कि राम जी जायसवाल की उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है। उनकी मेहनत और समर्पण अन्य छात्रों को भी उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पचास हजार का इनामी गौ तस्कर अहमदाबाद से गिरफ्तार, एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश एसटीएफ को बड़ी सफलता मिली है। गौ-तस्करी के मामले में वांछित 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी अफसर अहमद को एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट द्वारा गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार किया गया । आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपना ठिकाना बदलकर छिपा हुआ था। जानकारी के अनुसार कौशाम्बी जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र के रूपनारायणपुर सैलाबी गांव निवासी अफसर अहमद चंदौली जनपद में दर्ज गौ-तस्करी के मुकदमे में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। एसटीएफ को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अहमदाबाद में छिपकर रह रहा है। इसके बाद एसटीएफ प्रयागराज की टीम ने अहमदाबाद पहुंचकर घेराबंदी की और उसे दबोच लिया।

## सपाईयों ने प्रशासन की गैस समस्या से निजात दिलाने की मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- गैस एजेंसी संचालक को सम्मानित कर की समस्या को दूर करने की मांग

बांदा। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के नेता ईशान सिंह लवी के नेतृत्व में जिला मीडिया प्रभारी प्रवक्ता प्रमोद गुप्ता राजा,पूर्व कोषाध्यक्ष वृंदावन वैश्य, कल्लू चौहान, ऋषि द्विवेदी,रविन्द्र नाथ गुप्ता, तनय सिंह,सुधीर सिंह, आशीष कुशवाहा के साथ बांदा में काफी समय से चली आ रही रसोई गैस की समस्याको लेकर धूप में गैस सिलेंडर लेने के लिए जनता हो रही लाइन में लगकर परेशान। हम सभी समाजवादी पार्टी के लोग सबसे पहले आराधना गैस एजेंसी रामेंद्र शर्मा के आफिस 11 बजे सुबह पहुंचे आफिस बंद था, फोन करके रामेंद्र शर्मा को बुलाया और आफिस खुलवाया और शर्मा को फूलों की माला पहनाकर निवेदन किया जनता को हो रही समस्याओं को गंभीरता से ध्यान देकर समस्या का निस्तारण करिए। रामेंद्र शर्मा ने सबको आश्वस्त किया कि प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहा हूं, इसके बाद शर्मिला गैस एजेंसी जेल रोड पहुंचे वहां पर मैनेजर को माला पहनाकर और लाइन में लगे उपभोक्ता को पानी पिलाकर मैनेजर से निवेदन किया कि गैस की समस्या नहीं होनी चाहिए ग्राहक को कोई भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए और होम डिलीवरी का 50 रुपया चार्ज ग्राहक को वापस कर गैस प्रदान करें।

2014 से लाइन में लगने के अलावा इस देश में हो ही क्या रहा है। कभी नोटबंदी के दौरान लाइन में लगना पड़ता है तो कभी कोरोना के समय ऑक्सीजन के लिए भागमभाग करनी पड़ती है तो कभी सिलेंडर के लिए चिलचिलाती धूप में नागरिकों को लाइन में लगना पड़ता है। एक बात हमेशा ध्यान रखिएगा आज जनता लाइन में लगकर परेशान हो रही है, यही जनता 2027 में अपने वोट के अधिकार का सही प्रयोग करके वर्तमान सरकार को लाइन में लगा देगी। यह कैसी नीति है कि विपत्ति काल की कोई भी तैयारी ही नहीं है। लोगों से रसोई गैस सिलेंडर होम डिलीवरी का पैसा तो लिया जा रहा है लेकिन उनके घर पर सिलेंडर समय से न पहुंचाकर उन्हें धूप और गर्मी में सड़क में लाइन में लगने के लिए मजबूर किया जा रहा है। बाँदा के विकास की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले कागजी नेता कहाँ चले गए? क्या यही अच्छे दिन हैं और क्या हमारा देश विश्व गुरु कहलाने के लायक है? हकीकत यह है कि हम विश्व गुरु थे लेकिन आज गलत नीतियों के कारण विश्व के दूसरे नेताओं के इशारों पर चेला गिरी कर रहे हैं। 2014 से केवल बतौलेबाजी हो रही है। युद्ध किसी और देश में हो रहा है और सरकार की कोई तैयारी न होने के कारण भारत देश की जनता को अपने जीवन यापन व जरूरत की चीजें पाने के लिए सड़कों पर भीषण संघर्ष करना पड़ रहा है। ईशान सिंह लवी प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जनता को लाइन में लगाकर परेशान करने वाले गैस एजेंसी मालिकों की जांच हो।जनता मजबूरी में अपना काम धंधा छोड़कर सड़कों पर लाइन में लगी है उसके लिए धूप से बचाव के लिए छांव, पीने के पानी आदि की व्यवस्था की जाए।अगर कोई उपभोक्ता गैस एजेंसी मालिक द्वारा निर्धारित अस्थाई जगह, स्थान या सड़क में गैस सिलेंडर लेने जा रहा है तो उस उपभोक्ता से होम डिलीवरी का चार्ज ना लिया जाए।जितने भी लोगों के घर पर गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं की गई है और उन्हें सड़क में खड़ा करके सिलेंडर दिया गया है उनकी होम डिलीवरी का रुपया उपभोक्ता के खाते में वापस किया जाए। जिस स्थान से गैस सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं वहां पर नियमानुसार सिलेंडर तौलने के लिए मशीन रखी जाए और उपभोक्ता को गैस सिलेंडर तौलकर दिया जाए।

## राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उन्नाव का शानदार प्रदर्शन, 11 पदक जीते

- अयोध्या में आयोजित प्रतियोगिता में 5 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल, खिलाड़ियों ने बढ़ाया जनपद का मान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। अयोध्या में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उन्नाव जनपद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 11 पदक अपने नाम किए। इनमें 5 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। खिलाड़ियों ने लखनऊ मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

प्रतियोगिता में बिछिया, औरास, सिकंदरपुर सरोसी, हसनगंज और मियागंज क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्राथमिक वर्ग में 200 मीटर, 400 मीटर और लांग जंप स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं जूनियर वर्ग में रिले, कुश्ती, जुडो और एथलेटिक्स स्पर्धाओं में भी खिलाड़ियों ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर जनपद का मान बढ़ाया। रिले 4100 मीटर बालक वर्ग में पिछले कुछ वर्षों से उन्नाव का दबदबा कायम है।

उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा, औरास की छात्रा खुशी ने भी एथलेटिक्स स्पर्धाओं में प्रतिभाग कर सराहनीय प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता से पूर्व विद्यालय के बच्चों ने शिक्षकों प्रदीप, संजीव और विद्या सागर के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन कर सफलता के लिए प्रार्थना की।

प्रतियोगिता के दौरान जिला व्यायाम शिक्षिका अनीता वर्मा, प्रभारी व्यायाम शिक्षक पुरुषोत्तम यादव, संजीव संखवार, प्रदीप कुमार वर्मा, विद्या सागर, आदित्य दीक्षित, अजीत, कयामुद्दीन, निशा सिंह, रईसुल इस्लाम गौहर, अनुदीप श्रीवास्तव, प्रवीण, गोपी, गौरव यादव, राकेश और विनय त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

टीम के इस शानदार प्रदर्शन में बिछिया के विश्वजीत का नेतृत्व सराहनीय रहा। उनके कुशल निर्देशन और निरंतर प्रयासों ने खिलाड़ियों में उत्साह और आत्मविश्वास भरते हुए टीम को सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बिछिया के खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विश्वजीत को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान संजीव संखवार ने छात्रा खुशी के लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए विद्यालय आकर उसे साइकिल भेंट करने की घोषणा की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जनपद के शिक्षकों और खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी।

## गांव-गांव, पांव-पांव यात्रा का नरैनी में हुआ जोरदार स्वागत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को लेकर निकाली जा रही ्गांव-गांव, पांव-पांव यात्राङ्क अपने आठवें दिन क्षेत्र में पहुँची यात्रा का लोगों ने स्वागत किया।बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला, बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय, यात्रा संयोजक आश्रय सिंह तथा बांदा क्षेत्र के नेतृत्वकर्ता जयराम सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।यह यात्रा पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण के समर्थन में जनजागरण के उद्देश्य से निकाली जा रही है। यात्रा में शामिल युवा, किसान और सामाजिक कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को अलग राज्य के महत्व और उसके लाभों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रवीण पांडेय ने कहा कि बुंदेलखंड दशकों से भुखमरी, बेरोजगारी, पलायन और पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य बनने से स्थानीय सरकार रोजगार, सिंचाई और कृषि से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी ढंग से काम कर सकेगी।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि हर घर से दो हाथ इस आंदोलन के लिए आगे आएं, ताकि बुंदेलखंड के अधिकार और सम्मान की लड़ाई को और मजबूत किया जा सके।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कमलेश साहू ने भी बुंदेलखंड राज्य के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की और लोगों से आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम ने केंद्रों का किया निरीक्षण

उन्नाव। उप निरीक्षक नागरिक पुलिस/समकक्ष पदों पर भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने 14 व 15 मार्च 2026 को दो पालियों में आयोजित होने वाली परीक्षा के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जीएन इंटर कॉलेज और अटल बिहारी श्याम कुमारी सेठ डीएसएन कॉलेज पहुंचकर स्ट्रांग रूम, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, स्क्रीनिंग व्यवस्था, सीसीटीवी, प्रवेश द्वार, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर और पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, शुचिता और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं और किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा देने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेंद्र, अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव, सचिव उन्नाव विकास प्राधिकरण शुभम यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### रमजान और ईद को लेकर पुलिस की बैठक, धर्मगुरुओं से सौहार्द बनाए रखने की अपील

उन्नाव। रमजान माह और आगामी ईद पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को कोतवाली सदर में गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव ने सदर क्षेत्र के प्रमुख मुस्लिम धर्मगुरुओं, ईदगाह संरक्षकों और मस्जिदों के पेश इमामों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर ने उपस्थित धर्मगुरुओं और संभ्रांत व्यक्तियों से संवाद करते हुए रमजान के दौरान होने वाली नमाज, तरावीह तथा ईद पर्व के अवसर पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपसी सौहार्द एवं भाईचारे की भावना बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने सभी लोगों से यह भी आग्रह किया कि यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या समस्या की जानकारी हो तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। गोष्ठी में पुलिस अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान जनपद पुलिस द्वारा सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं, जिससे सभी लोग शांतिपूर्ण वातावरण में अपने धार्मिक कार्य संपन्न कर सकें। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### पार्किंग से बाइक चोरी, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी

शुक्लागंज, उन्नाव। रामनगर पोनी रोड झंडा चौराहा निवासी विशाल मिश्रा की बाइक शादी समारोह के दौरान गेस्ट हाउस की पार्किंग से चोरी हो गई। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। रामनगर पोनी रोड झंडा चौराहा निवासी विशाल मिश्रा ने पुलिस को बताया कि वह 12 मार्च की रात सूर्या ग्लैक्सी गेस्ट हाउस में आयोजित एक पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। उन्होंने अपनी बाइक गेस्ट हाउस के बाहर निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़ी की थी। विशाल के अनुसार रात करीब 12 बजे तक बाइक पार्किंग में खड़ी थी, जिसे उन्होंने स्वयं देखा था। इसके बाद वह दोबारा समारोह के अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो पार्किंग से उनकी बाइक गायब थी। काफी देर तक आसपास तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

## चेकिंग के दौरान युवक गिरफ्तार, तमंचा और दो चोरी की बाइक बरामद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ (उन्नाव)। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से एक तमंचा, कारतूस तथा दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक वीरेन्द्र विक्रम सिंह अपनी टीम के साथ कल्याणी नदी तिराहा पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक सवार को रोककर पूछताछ की गई। युवक ने अपना नाम इमरान निवासी मुन्नु मियां तलैया, बांगरमऊ बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने जब बाइक के कागजात मांगे तो वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। जांच में बाइक का चेसिस नंबर हरदोई जिले के सुरसा थाने में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित पाया गया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने एक अन्य मोटरसाइकिल बोधेश्वर मंदिर के पास पुलिया के नीचे छिपा रखी है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां से दूसरी अपाचे मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। यह बाइक पांच फरवरी को उन्नाव रेलवे स्टेशन से चोरी हुई थी।

पुलिस के अनुसार आरोपित के खिलाफ पहले भी मोटरसाइकिल व मोबाइल चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं और वह पूर्व में जेल भी जा चुका है। कोतवाली पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## मृतक के खाते से निकले हजारों रुपये, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

बांगरमऊ। थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के ग्राम व्योली इस्लामाबाद निवासी 74 वर्षीय लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार ने मृतक पति के बैंक खाते से रुपये निकाले जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लक्ष्मी देवी के अनुसार उनके पति स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार के नाम पंजाब नेशनल बैंक की बांगरमऊ शाखा में खाता संचालित था। 10 जून 2020 को पति के निधन के बाद उन्होंने बैंक में आवश्यक अभिलेख जमा कर खाते से धनराशि प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। पीड़िता का आरोप है कि इसके बावजूद बाद में खाते से कई बार रुपये निकाल लिए गए। उनके अनुसार 14 जून 2023 को खाते से 28 हजार रुपये, एक जुलाई 2023 को 49 हजार रुपये तथा चार जुलाई 2023 को 31 हजार रुपये निकाल लिए गए। मामले की जानकारी होने पर उन्होंने इसकी शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली।

## अलविदा की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न, प्रशासन रहा सतर्क

- चप्पे चप्पे पर रही पुलिस की कड़ी नजर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांगरमऊ। रमजान माह की अलविदा की नमाज को लेकर नगर में प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। शुक्रवार को नगर की विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अलविदा की नमाज अदा की और अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के दौरान मस्जिदों और आसपास के क्षेत्रों में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए थे।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एसडीएम ब्रजमोहन शुक्ला, क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। अधिकारियों ने नगर के प्रमुख और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह की स्थिति न बने। इसके साथ ही पुलिस टीम मस्जिदों के आसपास भी मुस्तैद रही और आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखी।

अधिकारियों ने बताया कि अलविदा की नमाज पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के आपसी सहयोग के कारण कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

# अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

- जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया शहर और खीरी टाउन में भ्रमण
- प्रमुख मस्जिदों पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात, यातायात और भीड़ नियंत्रण के कड़े इंतजाम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। जिलेभर में अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिला प्रशासन इसको लेकर पूरी तरह सतर्क रहा और व्यापक स्तर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग तथा अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने उपजिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी विवेक तिवारी एवं पुलिस बल के साथ शहर और खीरी टाउन क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। प्रशासन की ओर से प्रमुख मस्जिदों सहित सभी नमाज स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही प्रशासन ने हर छोटे-बड़े स्थान पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए। अलविदा जुमे के मद्देनजर जिले की सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करते रहे और गहन गश्त की। प्रमुख मस्जिदों और नमाज स्थलों पर सुरक्षा का कड़ा प्रबंध किया गया तथा भीड़ और यातायात नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया गया।

प्रशासन की इस व्यापक व्यवस्था के चलते नमाजियों के लिए सुरक्षित, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित हुआ और पूरे जिले में शांति एवं अनुशासन बनाए रखा गया।

## गोला गोकर्णनाथ में मच्छरों का बढ़ता प्रकोप, नगर पालिका की लापरवाही से लोगों में आक्रोश

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर में गर्मी बढ़ते ही मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है, लेकिन नगर पालिका और जनप्रतिनिधियों की ओर से इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। लगातार बढ़ते मच्छरों से नगरवासियों में दहशत और नाराजगी दोनों देखने को मिल रही है।

नगर के कई मोहल्लों में नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है, जिसके कारण जगह-जगह गंदा पानी जमा है और मच्छरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका की ओर से न तो नियमित रूप से धुआं (फॉगिंग) कराया जा रहा है और न ही नालियों में कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है। इससे हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो डेंगू और मलेरिया जैसी खतरनाक बीमारियों के फैलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# खसरा-खतौनी में किसानों के नाम व हिस्सेदारी की त्रुटियां सुधारने को लेकर किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। किसानों की खसरा, खतौनी में नाम और हिस्सेदारी (अंश) की त्रुटियों के कारण हो रही परेशानियों को लेकर भारतीय किसान यूनियन ''अराजनैतिक,,के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी धर्मेन्द्र मलिक ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर समस्या के समाधान की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि खसरा-खतौनी में नाम और अंश निर्धारण की त्रुटियों के कारण बड़ी संख्या में किसान किसान पंजीकरण से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों का पंजीकरण तैयार करने का अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन उत्तर प्रदेश के कई जिलों में राजस्व अभिलेखों में नाम और हिस्सेदारी से जुड़ी गलतियों के कारण अनेक किसान अपना पंजीकरण नहीं करा पा रहे हैं इस स्थिति के चलते किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान ऋण कार्ड तथा अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित होने की आशंका में हैं चौधरी धर्मेन्द्र मलिक ने कहा कि राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार जिन किसानों का किसान पंजीकरण नहीं होगा, उन्हें रासायनिक खाद भी उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। इससे उन किसानों की चिंता और बढ़ गई है जिनकी खतौनी में राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों के कारण अभी तक सुधार नहीं हो पाया है उन्होंने मांग की है कि प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं कि प्रत्येक गांव में विशेष राजस्व चौपाल लगाकर किसानों की खतौनी में नाम और अंश निर्धारण से संबंधित त्रुटियों का अधिकतम एक माह के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसान समय पर अपना पंजीकरण करा सकें और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने उम्मीद जताई है कि सरकार किसानों की इस गंभीर समस्या का जल्द और न्यायपूर्ण समाधान करेगी।

# नेशनल हाईवे पर अज्ञात अधेड़ की 8 दिन बाद हुई पहचान, मानसिक रूप से अस्वस्थ थे मृतक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अज़ान खीरी। नेशनल हाईवे 730 पर 5 मार्च को अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई अधेड़ व्यक्ति की मौत के मामले में 8 दिन बाद मृतक की पहचान हो सकी। मृतक की पहचान सत्येंद्र मिश्रा उर्फ टिंकू (लगभग 50 वर्ष) पुत्र अम्बिका दत्त, निवासी वैदाखेड़ा, थाना हैदराबाद के रूप में हुई है। यह हादसा हैदराबाद थाना क्षेत्र के सराहा इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने हुआ था। बताया जाता है कि सत्येंद्र मिश्रा अविवाहित थे और पिछले लगभग 10 वर्षों से उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वह घर पर अकेले ही रहते थे और अपना खाना स्वयं बनाकर खाते थे। उनकी इस स्थिति को लेकर परिवार और गांव के लोग भी चिंतित रहते थे। मिश्रा परिवार पहले से ही कई दुख झेल चुका है। सत्येंद्र चार भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके सबसे छोटे भाई दीपक (दीपू) की लगभग चार वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी, जबकि पिता अम्बिका दत्त का भी करीब तीन वर्ष पहले बीमारी के चलते निधन हो गया था। परिवार के दूसरे नंबर के भाई शैलेन्द्र मिश्रा और तीसरे नंबर के भाई धीरज (सीपू) मिश्रा आर्थिक तंगी के कारण गांव से बाहर नोएडा और देहरादून में निजी कंपनियों में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं, क्योंकि उनके पास खेती के लिए पर्याप्त जमीन नहीं है।

जानकारी के अनुसार, शैलेन्द्र मिश्रा 9 मार्च को नोएडा से अपने ससुर के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ससुराल मदारपुर आए थे। वहां से वह अपने पैतृक गांव वैदाखेड़ा पहुंचे। घर पहुंचने पर जब उन्हें अपने भाई सत्येंद्र घर पर नहीं मिले तो उन्होंने गांव वालों से पूछताछ की और कई स्थानों पर तलाश भी की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

जब काफी खोजबीन के बाद भी सत्येंद्र का कोई सुराग नहीं मिला तो शैलेन्द्र 12 मार्च को थाना हैदराबाद पहुंचे और अपने भाई की गुमशुदगी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि 5 मार्च को नेशनल हाईवे पर हुए हादसे में जिस अज्ञात व्यक्ति की मौत हुई थी, वह उनके भाई सत्येंद्र मिश्रा ही थे यह खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही ग्रामीण शैलेन्द्र के घर पहुंचकर परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने लगे और दुख की इस घड़ी में परिजनों को ढांढस बंधाया।

## 15 मार्च को बंद होगी बजाज (हिंदुस्थान) चीनी मिल गोला, किसानों से गन्ना आपूर्ति का अंतिम अनुरोध

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला स्थित हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड (बजाज चीनी मिल) द्वारा पेराई सत्र 2025-26 की अंतिम मिल बंदी की तिथि 15 मार्च 2026 निर्धारित कर दी गई है। इस संबंध में मिल प्रशासन की ओर से संबंधित गन्ना समितियों को आधिकारिक सूचना भेज दी गई है। यूनिट हेड राकेश यादव ने बताया कि मिल क्षेत्र के किसानों के पास अब चीनी मिल को आपूर्ति योग्य गन्ना लगभग समाप्त हो चुका है। इसके कारण मिल को आवश्यकतानुसार गन्ना उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कई बार मिल को गन्ना न मिलने के कारण ळ्नो केनङ्क की स्थिति में बंद करना पड़ रहा है, जिससे पेराई कार्य प्रभावित हो रहा है उन्होंने क्षेत्र के सभी किसान भाइयों से अपील की है कि जिन किसानों के पास अभी भी आपूर्ति योग्य गन्ना शेष है, वे 15 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से चीनी मिल को गन्ना आपूर्ति कर दें। निर्धारित तिथि के बाद पेराई सत्र 2025-26 के लिए चीनी मिल को अंतिम रूप से बंद कर दिया जाएगा।

# न्यूक्लियर पावर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता भारत को बना सकते हैं 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

- कुशाग्र बजाज बजाज समूह के चेयरमैन और उनकी बेटी ने युवा उद्यमियों को दिए सफलता के मंत्र

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। देश के प्रमुख औद्योगिक समूह बजाज समूह के चेयरमैन कुशाग्र बजाज ने कहा कि परमाणु ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आने वाले समय में भारत की आर्थिक प्रगति को तेज करने वाले दो सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र बन सकते हैं। इनके सहारे भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर भविष्य में 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता रखता है। उन्होंने यह बात मुंबई के प्रसिद्ध जय हिंद कॉलेज के पारिवारिक प्रबंधित व्यवसाय केंद्र द्वारा आयोजित विशाल संपर्क सम्मेलन-2026 में कही। कार्यक्रम में उन्होंने अपनी बेटी और बजाज समूह की पहली महिला वरिष्ठ अधिकारी आनंदमयी बजाज के साथ विद्यार्थियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों से संवाद किया और उन्हें जीवन व व्यवसाय में सफलता के महत्वपूर्ण मंत्र बताए।

कुशाग्र बजाज ने कहा कि परमाणु ऊर्जा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता भारत के आर्थिक भविष्य को मजबूत बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बताया कि उनका समूह परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश करने की दिशा में काम कर रहा है। उनके अनुसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है, क्योंकि इससे उत्पादन क्षमता, नवाचार और ऊर्जा सुरक्षा को तेजी से बढ़ाया जा सकता है। इसी कारण भारत भविष्य में 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता रखता है। उन्होंने पीढ़ियों तक पारिवारिक व्यवसाय को सफल बनाए रखने में मूल्यों और अनुशासन के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि निरंतरता, कड़ी मेहनत, पढ़ने की आदत और गहराई से सोचने की क्षमता किसी भी पारिवारिक व्यवसाय को जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारिक परिवारों को अगली पीढ़ी को मजबूत अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना के साथ तैयार करना चाहिए, ताकि वे समझ सकें कि किसी उद्यम को खड़ा करने और उसे बनाए रखने में कितना परिश्रम लगता है बजाज समूह की पांचवीं पीढ़ी की प्रतिनिधि आनंदमयी बजाज ने अपने विचार रखते हुए कहा कि रणनीतिक सोच को विकसित करने के लिए वैश्विक अनुभव और लगातार सीखते रहने की आदत बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपने सहज दायरे से बाहर निकलता है तो दुनिया को देखने का उसका नजरिया बदल जाता है, नए विचार मिलते हैं और अनुभव भी बढ़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि पारिवारिक व्यवसाय को पेशेवर ढंग से संचालित करने से संगठन के भीतर अनुभवी नेतृत्वकर्ताओं और विशेषज्ञों से सीखने का अवसर मिलता है। जमीनी स्तर पर सीखना, सोच-समझकर रणनीतिक निर्णय लेना और सही समझ विकसित करना किसी भी व्यवसाय की सफलता के लिए आवश्यक है इस अवसर पर वासवदत्ता बजाज भी मौजूद रहीं। उनकी उपस्थिति ने बजाज परिवार की मजबूत पारिवारिक एकता को दर्शाया। उनकी मौजूदगी ने यह भी दिखाया कि किसी भी परिवार में महिला की भूमिका पत्नी, मां और सहयोगी के रूप में कितनी महत्वपूर्ण होती है, जो पूरे परिवार को मजबूती प्रदान करती है।

## त्योहारों से पहले प्रशासन अलर्ट, एसडीएम व सीओ ने किया औचक निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ खीरी। आगामी त्योहारों के मद्देनज़र क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ नगर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह और चौकी इंचार्ज नानक भी टीम के साथ मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने नगर की विभिन्न मस्जिदों का जायजा लिया और अलविदा जुमे की नमाज के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान धर्मगुरुओं से शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील भी की गई। सुरक्षा के दृष्टिकोण से अधिकारियों ने नगर की गैस एजेंसियों का भी औचक निरीक्षण किया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग ने गैस एजेंसी संचालकों, तेल कंपनियों के अधिकारियों और पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक कर पारदर्शी वितरण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में गैस, डीजल और पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। यदि कहीं भी जमाखोरी या कालाबाजारी की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने गैस एजेंसियों को बुकिंग के अनुसार ही उपभोक्ताओं को सिलेंडर देने और प्रतिष्ठानों पर पर्याप्त गैस उपलब्ध होने की सूचना चस्पा करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि सिलेंडर का वितरण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाए। सभी वितरण केंद्रों पर निगरानी कैमरे सक्रिय रखें और रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए। सामाजिक माध्यमों पर फैलने वाली अफवाहों पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। जिलाधिकारी ने गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी के लिए विभिन्न एजेंसियों पर लेखपालों की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि उपभोक्ताओं को पारदर्शी तरीके से समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर पर विविध गतिविधियां आयोजित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



गोला गोकर्णनाथ खीरी। चंद्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के परिसर स्थित कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद, गोला, लखीमपुर खीरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे एवं पांचवें दिन के कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत, व्यायाम एवं योगाभ्यास के साथ किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित व्यायाम और योग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सुबह के सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान चलाया गया, जिसमें परिसर से लगभग 100 किलोग्राम प्लास्टिक एकत्र किया गया। इसके बाद स्वयंसेवक गोद लिए गए ग्राम रामपुर जंगल (ग्राम पंचायत भुडवारा) पहुंचे, जहां अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में फायर स्टेशन गोला के प्रभारी एफएसएसओ अंकित कुमार एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों, ग्रामीणों तथा स्वयंसेवकों को अग्नि सुरक्षा के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय, प्राथमिक सुरक्षा तकनीकों तथा अग्निशमन उपकरणों के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर गांव की महिलाओं, प्राथमिक विद्यालय की रसोइयों तथा स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय रूप से प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रीना गिरी भी उपस्थित रहीं। इसी कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवराज सिंह ने संचारी तथा असंचारी रोगों से बचाव के उपायों के साथ ही लू (हीट वेव) से बचने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। अपराह्न सत्र में स्वयंसेवकों के लिए विभिन्न विषयों पर शैक्षणिक परिचर्चाओं का आयोजन किया गया। इस क्रम में सहप्राध्यापक डॉ. आनंद कुमार पांडेय ने मधुमक्खी पालन के महत्व तथा इसे रोजगार के रूप में अपनाने की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात डॉ. हिमांशु मिश्रा ने नर्सरी प्रबंधन एवं पौध तैयार करने की विधियों पर मार्गदर्शन दिया। वहीं डॉ. सतेन्द्र कुमार ने श्वेत क्रांति और दुग्ध उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण आर्थिक सुदृढ़ीकरण पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर डॉ. रविंद्र नाथ (मुख्य चिकित्सक सहायक) सहित डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. हिमांशु मिश्रा, डॉ. अनूप कुमार तथा महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण और सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

परीक्षा विशेष रेलगाड़ियाँ-2026

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस (एस आई) भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की परीक्षा-2026 में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए निम्नलिखित तिथियों पर परीक्षा विशेष रेलगाड़ियां चलाई जायेंगी:-

04510/04509 सहारनपुर जं. - गाजियाबाद - सहारनपुर जं अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04510 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04509 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 11:30 | सहारनपुर जं. | 22:30 | ---- |
| 14:45 | ---- | गाजियाबाद | ---- | 19:00 |

चलने के दिन: 04510 सहारनपुर जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं 04509 गाजियाबाद से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
ठहराव: टपरी, नागल, तलहेड़ी बुजुर्ग, देवबन्द, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, खतौली, जड़ौदा नारा, मन्सूरपुर, सकौती टांडा, दौराला, पाबली खास, मेरठ कैंट, मेरठ शहर, परतापुर, मोहिउद्दीनपुर, मोदीनगर, मुरादनगर दुहाई, गुलधर एवं नया गाजियाबाद स्टेशन। स्थानः सामान्य।

04350/04349 बिजनौर - बरेली जं. - बिजनौर अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04350 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04349 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:20 | बिजनौर | 18:20 | ---- |
| 08:50 | ---- | बरेली जं. | ---- | 13:00 |

चलने के दिन: 04350 बिजनौर से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं 04349 बरेली जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
ठहराव: हल्दौर, चाँदपुर सियाऊ हॉल्ट, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद एवं रामपुर स्टेशन। स्थानः सामान्य।

04247/04248 लखनऊ जं. - सहारनपुर जं. - लखनऊ जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04247 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04248 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:10 | लखनऊ जं. | 16:10 | ---- |
| 07:15 | ---- | सहारनपुर जं. | ---- | 13:00 |

चलने के दिन: 04247 लखनऊ जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं 04248 सहारनपुर जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
ठहराव: मलिहाबाद, सण्डीला, बालामऊ जं., एवं हरदोई स्टेशन। स्थानः सामान्य।

04430 सहारनपुर जं. - गाजियाबाद अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04430 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| सहारनपुर जं. | ---- | 16:10 |
| गाजियाबाद | 21:10 | ---- |

चलने के दिन: 04430 सहारनपुर जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
ठहराव: टपरी, नागल, तलहेड़ी बुजुर्ग, देवबन्द, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मन्सूरपुर, खतौली, सकौती टांडा, दौराला, पाबली खास, मेरठ कैंट, मेरठ शहर, परतापुर, मोहिउद्दीनपुर, मोदीनगर, मुरादनगर दुहाई, गुलधर एवं नया गाजियाबाद स्टेशन। स्थानः सामान्य।

हिसार-नई दिल्ली-हिसार पैसेंजर ट्रेन संख्या 54424/54423 का अलीगढ़ जंक्शन तक अस्थायी विस्तार — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 54424 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 54423 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05:20 | हिसार | ---- | 22:50 |
| | | हिसार-नई दिल्ली-हिसार के बीच कोई बदलाव नहीं | | |
| 09:40 | 10:00 | नई दिल्ली | 17:30 | 18:20 |
| 13:00 | ---- | अलीगढ़ जं. | ---- | 14:00 |

चलने के दिन: 54424 सहारनपुर जं. से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक एवं 54423 गाजियाबाद से दिनांक 14.03.2026 से 15.03.2026 तक।
ठहराव: तिलक ब्रिज, आनन्द विहार हॉल्ट, साहिबाबाद, गाजियाबाद जं., मारीपत, दादरी, अजायबपुर, दनकौर, वैर, चोला, सिकन्दरपुर, खुर्जा जं., डॉवर, सोमना, कुलवा एवं महरावल स्टेशन। स्थानः सामान्य।

04422/04421 गाजियाबाद-मुरादाबाद-गाजियाबाद अनारक्षित विशेष — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04422 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 4421 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:00 | गाजियाबाद | 21:15 | --- |
| 12:40 | --- | मुरादाबाद | --- | 18:00 |

चलने के दिन : 04422 गाजियाबाद से तथा 04421 मुरादाबाद से दिनांक 14.03.2026 एवं 15.03.2026 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : हापुड़, गजरौला जं. एवं अमरोहा स्टेशन।

04548/04547 सहारनपुर जं.-मेरठ सिटी-सहारनपुर जं. अनारक्षित विशेष — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04548 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04547 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:20 | सहारनपुर जं. | 18:20 | --- |
| 15:40 | --- | मेरठ सिटी | --- | 16:00 |

चलने के दिन : 04548 सहारनपुर जं. से तथा 04547 मेरठ सिटी से दिनांक 14.03.2026 एवं 15.03.2026 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : टपरी, नागल, तलहेड़ी बुजुर्ग, देवबंद, रोहाना कलां, बामनहेरी, मुजफ्फरनगर, जड़ौदा नारा, मंसूरपुर, खतौली सकौती टाण्डा, दौराला, पबली खास और मेरठ छावनी स्टेशन।

04220 लखनऊ-वाराणसी जं. अनारक्षित विशेष — 02 फेरे

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 04220 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| लखनऊ | --- | 18:20 |
| वाराणसी | 23:45 | --- |

चलने के दिन : 04220 लखनऊ से दिनांक 14.03.2026 एवं 15.03.2026 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : बाराबंकी जं., दरियाबाद, रुदौली, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर जं., मालीपुर, शाहगंज जं. और जौनपुर जं. स्टेशन।

04222 लखनऊ-प्रयागराज संगम अनारक्षित विशेष — 02 फेरे

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 04222 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| लखनऊ | --- | 17:45 |
| प्रयागराज संगम | Open Timing | --- |

चलने के दिन : 04222 लखनऊ से दिनांक 14.03.2026 एवं 15.03.2026 को।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : बछरावां, हरचंदपुर, रायबरेली जं., फुरसतगंज, गौरीगंज, अमेठी, मां चन्द्रिका देवी धाम अंतु, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., विश्वनाथगंज, मऊ आइमा, सिराथू, फाफामऊ जं. और प्रयाग जं. स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईपीएल 2026: नई टीम के साथ कुछ नया बनाने की कोशिश करेंगे: ऋषभ पंत

एजेंसी



नई दिल्ली। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की तैयारी शुरू कर दी है। टीम के नए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कप्तान पंत ने कहा कि सभी को एक-दूसरे से सीखते हुए इस सीजन के लिए कुछ नया बनाने की कोशिश करनी चाहिए। एलएसजी की ओर से साझा किए गए एक वीडियो में पंत ने नए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि टीम में पिछले साल के कई खिलाड़ी मौजूद हैं, जबकि कुछ नए चेहरे भी जुड़े हैं। ऐसे में सभी को आपस में बेहतर तालमेल बनाकर आगे बढ़ना होगा। पंत ने कहा, हम सबको यहां मौजूद हर खिलाड़ी से जितना संभव हो उतना सीखने की कोशिश करनी चाहिए। अगर हम क्रिकेट के बारे में बातचीत नहीं करेंगे तो सुधार भी नहीं कर पाएंगे। इस सीजन के लिए हमें मिलकर कुछ बेहतर बनाने की कोशिश करनी होगी। पिछले दिसंबर में हुए मिनी ऑक्शन में लखनऊ ने कई नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। इनमें श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर वानिन्दु हसरंगा, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नार्ट्जे, मुकुल चौधरी, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी और ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश शामिल हैं। इसके अलावा टीम ने ट्रेड के जरिए अर्जुन तेंदुलकर और भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी अपने साथ जोड़ा है। पंत की अगुवाई में पिछले सीजन में लखनऊ का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। टीम ने लीग चरण में केवल छह मैच जीते और अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। हालांकि आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पंत ने नाबाद 118 रन की शानदार पारी खेली थी, लेकिन टीम को इसका फायदा नहीं मिल सका। पंत ने कहा कि किसी भी सीजन की शुरुआत में टीम का लक्ष्य जीतना होता है, लेकिन खिलाड़ियों के लिए यह भी जरूरी है कि वे अपने व्यक्तिगत और टीम के लक्ष्यों को लेकर स्पष्ट रहें। उन्होंने बताया कि अभी यह प्री-सीजन कैंप जैसा है, क्योंकि बाकी खिलाड़ी 15-16 मार्च के आसपास टीम से जुड़ेंगे। आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स अपने अभियान की शुरुआत 01 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घरेलू मैदान अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में करेगी। इसके बाद टीम 05 अप्रैल को हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबला खेलेगी।

# न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पीएसएल में कोचिंग के लिये ओरम और रोंची को छुट्टी दी

एजेंसी



वेलिंगटन। न्यूजीलैंड पुरूष टीम के सहायक कोच जैकब ओरम और ल्यूक रोंची को पाकिस्तान सुपर लीग की इस्लामाबाद युनाइटेड टीम की कोचिंग का कार्यभार संभालने के लिये न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने छुट्टी दे दी है । इस टीम के लिये 2017 से 2021 तक खेलने वाले रोंची मुख्य कोच होंगे जबकि ओरम उनके सहायकों में से होंगे। पीएसएल 26 मार्च से अप्रैल अंत तक चलेगा । इस दौरान ये दोनों दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला और अप्रैल में बांग्लादेश दौरे के लिये उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा ,'' ल्यूक और जैक के लिये यह कोचिंग अनुभव लेने का अच्छा मौका है। हमारे खिलाड़ियों की ही तरह कोचों की भी भारी मांग है और हमें लगता है कि इस अनुभव से उन्हें ही नहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट को भी भविष्य में फायदा होगा। जॉर्ज ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 70 मिनट तक चले राउंड 16 मैच में 18-21, 21-16, 16-21 से हार गए। भारत के हरिहरन अम्साकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गई। उन्हें चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई ने 32 मिनट में 17-21, 11-21 से हराया। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी का मुकाबला आज रात प्री क्वार्टर फाइनल मैच में जापान के हिरोकी ओकामुरा और क्योहेई यामाशिता की जोड़ी से होगा। विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज मन्नेपल्ली बुधवार की रात खेले गए इस मैच में तब 16-21 21-16 7-2 से आगे चल रहे थे, जब पांचवीं वरीयता प्राप्त निशिमोटो ने कंधे में दर्द के कारण मैच से हटने का फैसला किया। पिछले साल मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 24 वर्षीय मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला मलेशिया के जस्टिन होह से होगा। इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ थाईलैंड की विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से एकतरफा मुकाबले में 11-21, 15-21 से हार गईं। थाईलैंड की खिलाड़ी के खिलाफ यह उनकी चौथी हार है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में पिछले माह यात्री वाहनों की थोक बिक्री 10.6 फीसदी बढ़ी : सियाम

**नई दिल्ली।** देश में घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 10.6 फीसदी बढ़कर 4,17,705 इकाई पर पहुंच गई। फरवरी 2025 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 3,77,689 इकाई रही थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार फरवरी महीने में दोपहिया वाहनों की बिक्री 35.2 फीसदी बढ़कर 18,71,406 इकाई हो गई जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 13,84,605 इकाई थी। इसके अलावा तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 29 फीसदी बढ़कर 74,573 इकाई हो गई, जो फरवरी 2025 में 57,788 इकाई थी। सियाम के मुताबिक पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से विनिर्माण एवं निर्यात प्रभावित हो सकते हैं। सियाम भारत में वाहन और इंजन निर्माताओं का प्रतिनिधित्व करने वाली एक शीर्ष संस्था है, जो नीति निर्धारण, तकनीकी प्रगति और टिकाऊ मोबिलिटी पर काम करती है। यह ऑटो उद्योग को सरकार के साथ जोड़ती है, वाहन सुरक्षा और स्थिरता के लिए जिम्मेदार है।

### मर्सिडीज अप्रैल से अपने सभी वाहनों की कीमतों में दो प्रतिशत की करेगी बढ़ोतरी

**नयी दिल्ली।** कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज इंडिया मुद्रा की अस्थिरता और बढ़ती लागत के प्रभाव को कम करने के लिए अप्रैल से अपने सभी वाहनों की कीमतों में लगभग दो प्रतिशत की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) ब्रेंडन सिसिंग ने कहा, '' एक अप्रैल से हम अपने सभी मॉडल की कीमतों में करीब दो प्रतिशत की मूल्य वृद्धि लागू करेंगे। उन्होंने बताया कि यह फैसला मुख्य रूप से मुद्रा में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव, खासकर रुपये के यूरो के मुकाबले लगातार कमजोर होने और लागत बढ़ने के कारण लिया गया है। उल्लेखनीय है कि ऑडी ने भी बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि वह बढ़ती लागत और रुपये में उतार-चढ़ाव के आंशिक प्रभाव को कम करने के लिए एक अप्रैल से भारत में अपने सभी मॉडल कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी।

### जापानी कंपनी केटीडी ने ओएमसी पावर में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

**नयी दिल्ली/ टोक्यो।** जापानी कंपनी कंसाई ट्रांसमिशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन (केटीडी) ने ओएमसी पावर में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदकर भारतीय ऊर्ज़ा बाजार में कदम रखा है। ओएमसी पावर इस समय भारत में एक गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता वाला पोर्टफोलियो तैयार करने की प्रक्रिया में है। करीब 27 अरब डॉलर वाली कंसाई इलेक्ट्रिक पावर की इकाई केटीडी, ओएमसी पावर में निवेश करने वाली चौथी जापानी कंपनी है। इससे पहले मित्सुई एंड कंपनी, चुबू इलेक्ट्रिक पावर और होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड इसमें निवेश कर चुकी हैं। ओएमसी पावर के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित चंद्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये बातचीत में कहा कि दोनों कंपनियां व्यापार सहयोग के लिए एक साल से अधिक समय से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा, केटीडी ने भारत के ऊर्ज़ा क्षेत्र में अपना पहला निवेश करने के लिए हमें चुना है। जापानी कंपनियां वर्ष 2017 से ही ओएमसी पावर में निवेश कर रही हैं। केटीडी 160 करोड़ रुपये का निवेश करके ओएमसी पावर में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी ले रही है। इस ताजा निवेश के साथ ओएमसी पावर में जापानी कंपनियों की कुल हिस्सेदारी बढ़कर लगभग 67 प्रतिशत तक पहुंच गई है। केटीडी के निदेशक (बिजली वितरण एवं आईटी) ताकाहारु इतो ने कहा कि उनकी कंपनी ने पूरे भारत में जमीनी स्तर के समुदायों तक विश्वसनीय और स्वच्छ ऊर्ज़ा पहुंचाने के लिए ओएमसी पावर से हाथ मिलाया है।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कोयंबटूर में 44 एकड़ जमीन खरीदी

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक आवासीय परियोजना के विकास के लिए 44 एकड़ जमीन खरीदी है, जिससे लगभग 450 करोड़ रुपये की राजस्व आय का अनुमान है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने सीधी खरीद के जरिये इस जमीन का अधिग्रहण किया है और आगामी परियोजना में आवासीय भूखंडों की पेशकश करेगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा, 'कंपनी की योजना 11 लाख वर्ग फुट की विकास क्षमता वाली प्रीमियम आवासीय भूखंड परियोजना को विकसित करने की है, जिससे लगभग 450 करोड़ रुपये की राजस्व आय की संभावना है। हालांकि कंपनी ने खरीदी गई इस जमीन की कीमत साझा नहीं की। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी गौरव पांडेय ने कहा कि कोयंबटूर के रियल एस्टेट बाजार में कंपनी का प्रवेश देश भर के उच्च-क्षमता वाले शहरों में भूखंड विकास के विस्तार की रणनीति के अनुरूप है।

### एलपीजी की कमी से केरल में करीब 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद होने की कगार पर

**कोच्चि।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बाद उत्पन्न एलपीजी की कमी के कारण केरल में करीब 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद होने की स्थिति में हैं, क्योंकि कई प्रतिष्ठान खाना पकाने के वैकल्पिक तरीकों का तुरंत इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। यह जानकारी उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने दी। एलपीजी की कमी से रेस्तरां के अलावा कैटरिंग सेवाएं, छात्रावास, कैंटीन और शवदाह गृह भी प्रभावित हुए हैं। 'केरल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन' के अध्यक्ष जी. जयपाल ने कहा कि शुक्रवार तक राज्य में लगभग 40 प्रतिशत रेस्तरां बंद हो जाएंगे। उन्होंने बताया, '' बृहस्पतिवार तक करीब 20 प्रतिशत रेस्तरां बंद हो चुके थे। शुक्रवार तक यह संख्या बढ़कर 40 प्रतिशत हो जाएगी क्योंकि एलपीजी का भंडार जल्द खत्म हो जाएगा।

## राजस्थान रॉयल्स का कैंप जयपुर में 17 मार्च से

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स ने घोषणा की है कि उनका पहला प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप 17 मार्च से जयपुर में शुरू होगा। रॉयल्स की टीम 'पिंक सिटी' में इकट्ठा होगी और सवाई मानसिंह स्टेडियम में ट्रेनिंग, फ़िटनेस और नेट्स सेशन के साथ कैंप की शुरुआत करेगी। रॉयल्स ने यह जानकारी देते हुए कहा, हेड कोच और क्रिकेट डायरेक्टर कुमार संगकारा के मार्गदर्शन में, इस कैंप का फ़ोकस टीम बॉन्डिंग को मजबूत करने, ज़ोरदार ट्रेनिंग और प्लानिंग के साथ-साथ स्ट्रेंथ और ट्रेनिंग सेशन पर रहेगा। इससे पहले, रवि बिश्नोई, वैभव सूर्यवंशी, संदीप शर्मा और हाल ही में रविंद्र जडेजा सहित खिलाड़ियों के एक छोटे ग्रुप ने नागपुर में फ्रेंचाइजी के 'हाई परफ़ॉर्मेंस सेंटर' में एक छोटे कैंप और फ़िटनेस असेसमेंट सेशन में हिस्सा लिया था। रॉयल्स इस सीज़न का अपना पहला मैच 30 मार्च को गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेलेंगे।

# हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने अबरार अहमद को खरीदा

एजेंसी





लंदन। लंदन में आयोजित पुरुष हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद को 1 लाख 90 हज़ार पाउंड (दो लाख 55 हज़ार अमेरिकी डॉलर) में खरीद लिया। अबरार इस टूर्नामेंट में भारतीय स्वामित्व वाली टीम द्वारा खरीदे जाने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने। भारतीय मीडिया समूह सन टीवी ने पिछले साल नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के नाम से जानी जाने वाली फ्रेंचाइजी का पूर्ण अधिग्रहण कर लिया था, जिसमें उन्होंने ईसीबी से 49 फ़ीसदी हिस्सेदारी और शेष 51 फ़ीसदी हिस्सेदारी यॉर्कशायर से लगभग 100 मिलियन पाउंड में खरीदी थी। इसके अलावा तीन अन्य हंड्रेड टीमों की भी हिस्सेदारी उन निवेशकों को बेची गई थी जो कि आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिक हैं। सनराइज़र्स जिनकी सहयोगी फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद और एसए20 में सनराइज़र्स ईस्टर्न केप ने किसी भी सक्रिय पाकिस्तानी खिलाड़ी को अपने साथ नहीं जोड़ा था ऽ लंच से ठीक पहले अबरार के लिए ट्रेंट रॉकेट्स के ख़िलाफ नीलामी जीत ली। उस्मान तारिक़ के बाद अबरार गुरुवार सुबह नीलामी में ख़रीदे गए दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी थे। तारिक को बर्मिंघम फ़ीनिक्स ने 1 लाख 40 हज़ार पाउंड में खरीदा। कई पाकिस्तानी खिलाड़ी पहले भी आईपीएल के स्वामित्व या आंशिक स्वामित्व वाली वैश्विक टी20 टीमों के लिए खेल चुके हैं लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के चलते 2008 के बाद से कोई भी सक्रिय पाकिस्तानी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेला है। गुरुवार सुबह ससेक्स के ऑलराउंडर जेम्स कोल्स सबसे महंगे खिलाड़ी रहे, जिन्हें पांच टीमों के बीच बोली के लिए होड़ लगने के बाद लंदन स्पिरिट ने 3 लाख 90 हज़ार पाउंड (5 लाख 22 हज़ार अमेरिकी डॉलर) में खरीदा। कोल्स का बेस प्राइस 75 हज़ार पाउंड था और उनके ऊपर शुरुआती बोली मैनचेस्टर सुपर जायंट्स, फ़ीनिक्स और रॉकेट्स ने लगाई। 2 लाख 20 हज़ार पाउंड की बोली पर सनराइजर्स ने बोली में हिस्सा लिया और 2 लाख 60 हज़ार पाउंड की बोली पर रॉकेट्स ने अपने हाथ पीछे खींच लिए। इसके बाद सनराइजर्स के साथ भिड़ंत के बाद स्पिरिट ने कोल्स को खरीद लिया। कोल्स इन गर्मियों में द हंड्रेड में चौथे सबसे अधिक कमाई करने वाले खिलाड़ी बनने वाले हैं, उनसे आगे केवल हैरी ब्रूक (4 लाख 65 हज़ार पाउंड, सनराइजर्स), फ़िल सॉल्ट (4 लाख 50 हज़ार पाउंड, वेल्श फ़ायर) और जोफ़्रा आर्चर (4 लाख पाउंड, सदर्न ब्रेव) हैं जिन्होंने गुरुवार की नीलामी से पहले ही करार कर लिया था। नीलामी में जॉर्डन कॉक्स (3 लाख पाउंड, वेल्श फ़ायर), टॉम करन (2 लाख 60 हज़ार पाउंड, एमआई लंदन), आदिल राशिद (2 लाख 50 हज़ार पाउंड, सदर्न ब्रेव) को भी अच्छी ख़ासी रकम मिली। जो रूट पहले खिलाड़ी थे जिन्हें वेल्श फ़ायर ने 2 लाख 40 हज़ार पाउंड (3 लाख 21 हज़ार अमेरिकी डॉलर) में ख़रीदा, जबकि डैन लॉरेंस को सनराइजर्स ने 2 लाख 10 हज़ार पाउंड में खरीदा क्योंकि वह कोल्स को खरीदने में असफल हो गए।

## डुप्लांटिस ने 6.31मी के साथ अपना 15वां पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड बनाया

स्टॉकहोम। स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपने ही पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड में एक और सेंटीमीटर जोड़ते हुए, गुरुवार को उप्साला में आयोजित 'मोंडो क्लासिक' (जो कि वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर सिल्वर मीटिंग का हिस्सा है) में 6.31 मीटर की ऊंचाई पार करके जीत हासिल की। 26 वर्षीय मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 5.65 मीटर की ऊंचाई से शुरुआत की, और फिर 5.90 मीटर और 6.08 मीटर की ऊंचाई भी अपने पहले ही प्रयास में पार करके जीत पक्की कर ली। इसके बाद उन्होंने बार (बाधा) को 6.31 मीटर तक ऊपर उठाया और उसे भी पहले ही प्रयास में पार कर लिया। नॉर्वे के सोंड्रे गुटोरमसेन 6.00 मीटर की ऊंचाई के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिकी खिलाड़ी ज़ैचरी ब्रैडफोर्ड 5.90 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। डुप्लांटिस ने कहा, अगर आप मुझसे मुकाबला करने के लिए स्वीडन आते हैं, तो मुझे हराना और भी मुश्किल होगा।

# सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सोना आज 1,020 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में आज 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,62,210 रुपये से लेकर 1,62,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,48,690 रुपये से लेकर 1,48,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,79,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,62,360 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,62,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,62,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,62,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,48,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,62,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,62,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,62,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,48,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,62,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,62,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,62,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,48,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# अकासा एयर नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करेगी विमान रखरखाव केंद्र की स्थापना

एजेंसी

मुंबई। घरेलू विमानन कंपनी अकासा एयर ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के साथ रणनीतिक सहयोग के तहत उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहे हवाई अड्डे पर विमान रखरखाव, मरम्मत व जीर्णोद्धार (एमआरओ) केंद्र स्थापित करने की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी के बयान के अनुसार, इस सहयोग के तहत अकासा एयर हवाई अड्डे के परिसर के भीतर इस केंद्र का संचालन करेगी और यहां विमानों के रखरखाव से जुड़ी विभिन्न उन्नत सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बयान के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य भारत के विमानन बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को देश के प्रमुख विमान रखरखाव केंद्रों में स्थापित करना है। इससे संचालन क्षमता में सुधार होगा, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। अगस्त 2022 में सेवाएं शुरू करने के बाद अकासा एयर का यह पहला विमान रखरखाव केंद्र होगा। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि यह साझेदारी न केवल भारत की विमान रखरखाव क्षमताओं को मजबूत करेगी बल्कि क्षेत्र में कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगी। बयान के अनुसार, यह सहयोग विमान रखरखाव सेवाओं में भारत की आत्मनिर्भरता को मजबूत करने तथा पूरे क्षेत्र में नवाचार व संचालन उत्कृष्टता को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# अमेजन इंडिया ने गुवाहाटी कोलकाता में किया माल ढुलाई सेवाओं का विस्तार

नयी दिल्ली। अमेजन इंडिया ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से अपने समर्पित हवाई माल परिवहन बेड़े अमेजन एयर की सेवाओं का विस्तार गुवाहाटी और कोलकाता तक किया है। कंपनी बयान के अनुसार, 2023 में शुरुआत करने के बाद से अमेजन एयर हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में सेवाएं दे रही थी। इस विस्तार से माल भेजने की गति लगभग पांच गुना तक बढ़ने की उम्मीद है। इससे पूर्वोत्तर के सभी सात राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में आपूर्ति को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से गुवाहाटी के लिए पहली अमेजन एयर उड़ान को शुक्रवार को रवाना किया। मुख्य सचिव (असम) आईएएस रवि कोटा ने कहा कि गुवाहाटी तक अमेजन एयर सेवाएं शुरू होने से क्षेत्र के विक्रेताओं को देशभर के ग्राहकों से जुड़ने में मदद मिलेगी। अमेजन इंडिया अपने स्वयं के मालवाहक विमानों के अलावा अन्य भारतीय विमानन कंपनियों की माल ढुलाई क्षमता का भी इस्तेमाल करती है।

# एलपीजी आपूर्ति बाधित होने के खतरे पर दार्जिलिंग चाय उद्योग ने जताई चिंता

एजेंसी



कोलकाता। औद्योगिक एलपीजी की अनुपलब्धता के कारण दार्जिलिंग चाय के उत्पादन में और गिरावट आ सकती है और पश्चिम बंगाल जिले में कारखानों को आपूर्ति बाधित होने का खतरा है। चाय संघ ने यह बात कही है। 'दार्जिलिंग टी एसोसिएशन' ने हाल ही में कोलकाता स्थित टी बोर्ड के डिप्टी चेयरमैन को पत्र लिखकर इस मुद्दे को उठाया। पत्र में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के एक परिपत्र का उल्लेख किया गया है जिसमें सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि उनके द्वारा खरीदी गई एलपीजी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही उपलब्ध कराई और बेची जाए। संघ ने आगाह किया कि इस आदेश के कारण चाय बागानों के कारखानों को औद्योगिक एलपीजी उपलब्ध नहीं हो पाएगी जिससे दार्जिलिंग चाय के उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा और 55,000 स्थायी श्रमिकों तथा उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित हो सकती है। पत्र में कहा गया है, ''इस संगठन के सदस्य आपसे अनुरोध करते हैं कि संबंधित मंत्रालय से बात कर दार्जिलिंग चाय उद्योग के कारखानों को औद्योगिक एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। संघ ने यह भी बताया कि पिछले एक दशक में दार्जिलिंग के चाय बागानों ने अपने कारखानों को कोयला आधारित प्रणाली से बदलकर औद्योगिक एलपीजी पर आधारित प्रणाली में परिवर्तित कर लिया है। यह स्थिति ऐसे समय सामने आई है जब दार्जिलिंग चाय उद्योग पहले से ही लंबे समय से उत्पादन संकट का सामना कर रहा है। उद्योग के अनुसार, वर्ष 1990 में चाय उत्पादन करीब 1.4 करोड़ किलोग्राम के उच्च स्तर से उत्पादन घटकर हाल के वर्षों में 60 लाख किलोग्राम से भी कम रह गया है जबकि 2024 तथा 2025 में उत्पादन ऐतिहासिक रूप से सबसे निचले स्तर पर दर्ज किया गया।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242

Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# वासंतिक चैत्र नवरात्र में श्री काशी विश्वनाथ दरबार में देवी की होगी आराधना,विविध धार्मिक अनुष्ठान

■ प्रथम दिवस कलश स्थापना की जाएगी,शक्तिपीठ माता विशालाक्षी मंदिर से आए नौ कलश गंगाजल से बाबा का जलाभिषेक



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। वासंतिक चैत्र नवरात्र में काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ की नगरी शक्ति आराधना में लीन रहेगी । स्वयं काशीपुराधिपति (श्री काशी विश्वनाथ) के दरबार में पूरे नवरात्र विविध धार्मिक अनुष्ठान होंगे। नवरात्र के पहले दिन श्री काशी विश्वनाथ धाम में कलश स्थापित होगा। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. विश्वभूषण मिश्र ने शुक्रवार को बताया कि चैत्र नवरात्र पर्व (19 मार्च) की पूर्व संध्या पर शक्तिपीठ मां विशालाक्षी मंदिर से आए नौ कलश गंगाजल श्री काशी विश्वनाथ के पावन ज्योर्तिलंग पर अर्पित किया जाएगा। अगले दिवस प्रातःकाल मंगला आरती के पश्चात, सर्वप्रथम प्रथम शक्तिपीठ माता काशी विशालाक्षी द्वारा प्रेषित नौ कलश गंगाजल से महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरात्र के नौ दिनों में प्रतिदिन भगवान श्री विश्वेश्वर दरबार से श्रृंगार सामग्री तथा वस्त्र माता विशालाक्षी को भेंट स्वरूप प्रेषित किए जाएंगे। माता काशी विशालाक्षी शक्तिपीठ के साथ-साथ काशी में स्थित नवदुर्गा स्वरूप देवियों को भी प्रतिदिन के अनुसार श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग धाम से वस्त्र एवं श्रृंगार सामग्री अर्पित की जाएगी।

श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ के अनुसार, चैत्र नवरात्र के नौ दिनों में प्रतिदिन धाम स्थित शिवार्चनम मंच पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन श्री काशी विश्वनाथ धाम में शक्ति आराधना के अंतर्गत दुर्गासप्तशती का शास्त्रीय विधि-विधान से पाठ संपन्न किया जाएगा। चैत्र नवरात्र पर्व अवधि में एक दिवस काशी की परंपरा के अनुसार माता श्रृंगार गौरी की आराधना को समर्पित रहेगा। इसी परंपरा के निर्वहन में काशी विश्वनाथ धाम में विराजमान माता श्रृंगार गौरी की आराधना काशीवासी एवं श्रद्धालुओं द्वारा की जाएगी। मंदिर न्यास द्वारा इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए नारियल तथा फलाहारी प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी और आयोजन गरिमापूर्ण रूप से संपन्न किया जाएगा। राम नवमी के पावन अवसर पर अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। नवमी तिथि को नौ मातृ शक्तियों को मुख्य याजक के रूप में आमंत्रित कर नवमी यज्ञ संपन्न कराया जाएगा।

## आगरा में सिपाही के साथ लिव-इन में रह रही महिला ने फांसी लगाकर दी जान

आगरा। उत्तर प्रदेश के जनपद आगरा में सिपाही के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही एक महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। मरने से पहले महिला ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया था, जिसमें उसने सिपाही पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। मामला संज्ञान में आने के बाद सिपाही को निलंबित कर दिया गया। उसकी गिरफ्तारी कर पुलिस आगे की विवेचना कर रही है। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने शुक्रवार को बताया कि कासगंज? जिले के सहावर निवासी योगेंद्र सिंह चौहान ने गुरुवार देर रात को थाना में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि थाना ताजगंज में तैनात मूलरूप से कानपुर नगर के रहने वाला सिपाही जेबी गौतम ने बेटी प्रियंका (34) को शादी का झांसा देकर उसके पिछले चार साल से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा है। इस बात की जानकारी उन्हें और सिपाही के ?परिवार को भी थी। पिछले कुछ समय से प्रियंका, जेबी गौतम से शादी के लिए कह रही थी, लेकिन वह और उसके परिवार वाले टालमटोल कर रहे थे। कुछ दिनों से वह लोग बेटी को शारीरिक एवं मानसिक रूप से परेशान करने लगे। इसी वजह से प्रियंका ने गुरुवार को अपनी बहन के घर सैनिक पुरम में फांसी लगाकर जान दे दी। मरने से पहले के बेटी ने एक वीडियो बनाकर वायरल किया है, जिसमें सिपाही पर शोषण और प्रताड़ना के आरोप लगाए गए हैं। डीसीपी सिटी ने बताया कि वीडियो को संज्ञान लेकर सिपाही जेबी गौतम को निलंबित कर दिया है। ?परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अब तक मिले साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# जौनपुर जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई अलविदा जुमे की नमाज



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। रमजान महीने के अंतिम शुक्रवार को अदा की जाने वाली अलविदा जुमा की नमाज उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस अवसर पर शहर के प्रमुख मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसके मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम थे। शहर की ऐतिहासिक शाही अटाला मस्जिद में मौलाना अहमद नवाज ने नमाज-ए-जुमा अदा कराई। मौलाना आफाक ने कहा कि रमजान इबादत और बरकत का महीना है। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग विशेष रूप से तरावीह की नमाज अदा करते हैं, जो केवल रमजान में ही पढ़ी जाती है। शाही जामा मस्जिद (बड़ी मस्जिद) में मौलाना अबू हुरैरा ने नमाज अदा कराई और देश में अमन-चैन तथा भाईचारे की मजबूती के लिए दुआ की। मदरसा हनफिया, नवाब यूसुफ रोड स्थित मदीना मस्जिद में मौलाना अहमद रजा जाफरी ने नमाज पढ़ाई। मौलाना कयामुद्दीन ने कहा कि रमजान का महीना इबादत के साथ-साथ गुनाहों से बचने और तौबा करने का भी समय है। इसके अलावा शाही किला मस्जिद, शाही झंझरी मस्जिद, शाही लाल दरवाजा मस्जिद, लाल मस्जिद, इलाही मस्जिद उर्दू बाजार, चहारसू मस्जिद, कचहरी मस्जिद, मीरपुर मस्जिद और मियांपुर मस्जिद सहित शहर और आसपास की अन्य मस्जिदों में भी अलविदा जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। सहायक पुलिस अधीक्षक गोल्डी गुप्ता ने बताया कि अलविदा जुमे की नमाज को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। नमाज से पहले जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने शहर में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पूरे शहर को सेक्टर और जोन में बांटकर पुलिस बल तथा मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे।

## जयंती पर याद किए गए लोक अदालत के जनक शिवदयाल चौरसिया

**प्रयागराज।** लोक अदालत की अवधारणा पूर्व राज्यसभा सांसद शिव दयाल चौरसिया के ही प्रयासों और पैरवी का परिणाम है, इसलिए उन्हें लोक अदालत का जनक कहा जाता है। उक्त बातें उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में आयोजित जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एमएलसी मान सिंह यादव ने कही। उन्होंने कहा कि स्व. शिवदयाल चौरसिया का जन्म 13 मार्च 1903 को लखनऊ के खरिका गांव (वर्तमान तेलीबाग) में स्व. पराग राम चौरसिया के पुत्र के रूप में हुआ था। वकालत की पढ़ाई के बाद उन्होंने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता के रूप में कार्य किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने वाले नेताओं के साथ मिलकर साइमन कमीशन समक्ष पिछड़े वर्गों की दयनीय स्थिति को मजबूती से रखा। उन्होंने आगे कहा कि स्व. चौरसिया ने भीम राव आंबेडकर के साथ डिप्रेस्ड क्लासेस तथा बाद में डिप्रेस्ड लीग में भी काम किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के खिलाफ रायबरेली से चुनाव लड़ा था। बाद में कांग्रेस ने वर्ष 1974 में उन्हें राज्यसभा भेजा, जहां उन्होंने उद्योगपति के.के. बिड़ला को पराजित किया था।

# विदेशी नागरिकों से ओटीटी प्लेटफॉर्म के नाम पर ठगी करने वाले 6 लोग गिरफ्तार, चला रहे थे कॉल सेंटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नोएडा। नोएडा पुलिस ने अमेरिका सहित कई देशों के नागरिकों से विभिन्न टीवी चैनलों के ओटीटी प्लेटफॉर्म बेचने के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। इस ठगी में कंपनी के मालिक सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने कंप्यूटर, लैपटॉप आदि बरामद किया है।

पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि निरीक्षक हरवीर सिंह और उनकी पुलिस टीम ने एक सूचना के आधार पर बीती रात को सेक्टर -2 में छापेमारी की है। उन्होंने बताया कि मौके से पुलिस ने मोहसिन खान, नौशाद, सुनील, मोहम्मद शमी, सेफ राजा और इरफान को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि ये लोग सी-66 सेक्टर -2 में एक अवैध रूप से कॉल सेंटर चला रहे थे। कॉल सेंटर के माध्यम से ये लोग अमेरिका व अन्य विदेशी नागरिकों को ओटीटी प्लेटफॉर्म बेचते थे, जिसमें प्रमुख रूप से अमेजॉन प्राइम, हॉटस्टार, नेटफ्लिक्स आदि कंपनियों की लाइव स्ट्रीमिंग सेवा चैनल बिक्री करने के नाम पर ये लोग अमेरिका और अन्य देश के लोगों से लाखों रुपए की ठगी कर लेते थे। उन्होंने बताया कि इस गैंग का सरगना मोहसिन खान है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इनके पास से 5 सीपीयू, एक लैपटॉप आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास डीओटी, ट्राई या किसी रेगुलेटरी अथॉरिटी का कोई लाइसेंस नहीं है।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालयः 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालयः 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# कानपुर में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई अलविदा की नमाज

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। जनपद में अलविदा जुमा की नमाज को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन शुक्रवार को पूरे दिन सतर्क रहा। शहर के विभिन्न प्रमुख और संवेदनशील क्षेत्रों में वरिष्ठ अधिकारियों ने दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शहर की तमाम मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने शहर के कई संवेदनशील इलाकों का स्थलीय दौरा कर मस्जिदों के आसपास सुरक्षा प्रबंध, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नमाज के दौरान पर्याप्त सतर्कता बरते और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. विपिन ताडा ने भी विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और पुलिस कर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने अपर पुलिस उपायुक्त योगेश कुमार के साथ बाबूपुरवा और नौबस्ता क्षेत्र के मछरिया इलाके में पैदल गश्त और रूट मार्च कर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी ने रावतपुर क्षेत्र में पैदल गश्त कर संवेदनशील स्थानों और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। स्थानीय लोगों से संवाद कर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पूरे शहर में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई। पीएसी और आरएएफ की भी तैनाती रही। पुलिस ने सोशल मीडिया पर भी लगातार नजर बनाए रखा। पुलिस के अनुसार शहर में स्थिति पूरी तरह सामान्य और शांतिपूर्ण रही।

# जालौन में चित्रकूट एसओजी की जिप्सी पलटी, प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी घायल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। उत्तर प्रदेश के जालौन कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार की देर रात चित्रकूट से आई पुलिस की एसओजी टीम की जिप्सी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एसओजी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां देर रात तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। चित्रकूट की एसओजी टीम किसी विशेष कार्य से जालौन आई हुई थी। देर रात करीब साढ़े दस बजे टीम की जिप्सी कोतवाली क्षेत्र के दीनदयाल उपाध्याय चौराहे से गुजर रही थी, तभी अचानक किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जिप्सी का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के समय जिप्सी में एसओजी प्रभारी अरविंद कुमार यादव (45) समेत चार पुलिसकर्मी सवार थे। दुर्घटना में प्रभारी अरविंद कुमार यादव को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य तीन पुलिसकर्मियों को भी चोटें लगी हैं। घटना की सूचना पाकर सीओ राजीव कुमार शर्मा, उरई कोतवाली पुलिस और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने क्रेन की मदद से घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया। मेडिकल कॉलेज में घायल पुलिसकर्मियों का इलाज देर रात तक चलता रहा। प्राथमिक उपचार के बाद तीन पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें होने के कारण छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एसओजी प्रभारी को भर्ती कर उनका इलाज जारी है। फिलहाल उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# किराये पर मकान देने के बहाने महिला से दुष्कर्म का प्रयास सिपाही ने पति से भी की मारपीट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के उरई कोतवाली क्षेत्र में एक पुलिस कर्मी के खिलाफ किराये पर मकान दिलाने के बहाने महिला को घर ले जाकर दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर महिला के पति के साथ भी मारपीट की । पीड़ित दंपती ने कोतवाली पहुंचकर आरोपित सिपाही के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

मामला झांसी जिले के टहरौली थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला से जुड़ा है। पीड़िता ने शुक्रवार को शहर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 मार्च को वह अपने पति के साथ झांसी के गरौठा स्थित न्यायालय में पेशी पर गई थी। वहां उनकी मुलाकात पति के पूर्व परिचित सिपाही देवेंद्र यादव से हुई, जो वर्तमान में करबई थाने (जालौन) में तैनात बताया जा रहा है।

पीड़िता के अनुसार, न्यायालय परिसर में ही उसके पति ने सिपाही देवेंद्र से उरई में किराये का मकान दिलाने की बात कही। इस पर आरोपी सिपाही ने झांसा दिया कि उसका खुद का एक मकान उरई में खाली पड़ा है। उसने कहा कि अगर वे लोग उसमें रहने लगेंगे तो मकान की सफाई और देखरेख भी हो जाएगी। विश्वास में लेकर आरोपित सिपाही उन दोनों को अपनी कार से उरई ले आया। आरोप है कि सिपाही उन्हें उरई के चुर्खी रोड स्थित बघौरा इलाके में अपने मकान पर ले गया। इस दौरान पीड़िता का पति बाहर कमरे में बैठा हुआ था, जबकि महिला अंदर कमरे की सफाई कर रही थी। महिला ने आरोप लगाया कि इसी दौरान सिपाही देवेंद्र अंदर कमरे में आ घुसा और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा।

महिला के शोर मचाने पर उसका पति तुरंत अंदर की ओर दौड़ा। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद आरोपित सिपाही ने उसके और उसके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस झड़प में महिला को चोटें भी आई हैं। किसी तरह जान बचाकर दंपती वहां से भाग निकला और उरई कोतवाली पहुंचकर आपबीती सुनाई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित सिपाही देवेंद्र यादव के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमें आरोपित की तलाश में दबिश दे रही हैं। सीओ राजीव कुमार शर्मा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वाराणसी में अलविदा की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में पाक रमजान माह के अंतिम जुमे पर शुक्रवार को ज्ञानवापी सहित अन्य मस्जिदों में कड़ी सुरक्षा के बीच अकीदत व एहतराम के साथ अलविदा की नमाज पढ़ी गई। अलविदा की नमाज के बाद इमाम ने जब पढ़ा 'अलविदा, अलविदा या शहरे रमजान३..' तो नमाजियों की आंखें मुकद्दस रमजान के बीत जाने के गम में छलक उठीं। खुदा की बारगाह में रोजेदारों ने परवरदिगार से घर परिवार ,कारोबार,समाज, देश में अमन-चैन और तरक्की की दुआएं भी मांगी।

शहर के सभी मस्जिदो, इबादतगाहों में मौलानाओं ने विदा हो रहे रमजान को लेकर तकरीर की। तकरीर में कहा कि खुशनसीब हैं हम सब कि परवरदिगार ने इस मुकद्दस माह अता फरमाया। इसके पूर्व रमजान के आखिरी अशरे के जुमे पर अलविदा की नमाज को लेकर रोजेदारों में सुबह से ही उत्साह दिखा। नदेसर जामा मस्जिद, लंगड़े हाफिज मस्जिद नई सड़क, शिया जामा मस्जिद दारानगर, लाट सरैया मस्जिद के अलावा पुलिस लाइन, अर्दली बाजार, दोषीपुरा, मुकीमगंज, बड़ी बाजार, पीलीकोठी, दालमंडी, हड़हा सराय, मदनपुरा, रेवड़ी तालाब, बजरडीहा आदि इलाकों की मस्जिदों में भी नमाज पढ़ी गई।

अजान के बाद सभी मस्जिदें नमाजियों से भर गई थीं। भीड़ ज्यादा होने के कारण काफी संख्या में नमाजियों को दूसरी मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए जाना पड़ा। मस्जिदों में नमाजियों के लिए वजू के लिए इंतजाम किया गया था। मस्जिद प्रबंधन कमेटियों की ओर से दरी, चटाई, शामियाना, पानी की भी व्यवस्था की गई थी। उधर, जिले में अलविदा की नमाज के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। शहर और ग्रामीण अंचल के संवेदनशील इलाकों, मिश्रित आबादी वाले मोहल्लों में पुलिस बल पूर्वाह से ही गश्त करने लगी। सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों के बाहर पूर्वाह से ही फोर्स की तैनाती रही। अलविदा की नमाज के मद्देनजर अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय) शिवहरि मीणा ने फोर्स के साथ संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। चौकाघाट से नाटीइमली, दोसीपुरा, कज्जाकपुरा आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस तैनाती, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था की जानकारी ली। ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों से महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी की गई।